दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली।शुक्रवार 16 जनवरी -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 28 पेज-09 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## महाराष्ट्र निकाय चुनाव संपन्न

### आयुक्त दिनेश वाघमारे के मुताबिक 46 से 50% मतदान हुआ




**मुंबई।** देश में सबसे अमीर नगर निकाय बृहन्मुंबई महानगरपालिका सहित 29 महानगरपालिकाओं के लिए बृहस्पतिवार शाम 5:30 बजे मतदान संपन्न हो गया। राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) के आयुक्त दिनेश वाघमारे के मुताबिक अब तक 46 से 50 प्रतिशत तक मतदान हुआ है।

वाघमारे ने ह्यपीटीआई वीडियोह्व को बताया कि मतदान प्रतिशत 2017 के महानगरपालिका चुनावों के आंकड़ों से अधिक है। उन्होंने कहा कि वह मतदान प्रतिशत से संतुष्ट हैं।

एसईसी के आंकड़ों के अनुसार, राज्य की 29 महानगरपालिकाओं में अपराह्न 3.30 बजे तक 41.13 प्रतिशत मतदान हुआ था। आंकड़ों के मुताबिक अपराह्न 3:30 बजे तक सबसे अधिक 50.85 प्रतिशत मतदान कोल्हापुर में हुआ।

वहीं, शुरूआती आठ घंटे में मुंबई में 41.08 प्रतिशत, पुणे में 36.95 प्रतिशत, नागपुर में 41.23 प्रतिशत, छत्रपति संभाजीनगर में 43.67 प्रतिशत और नासिक में 39.64 प्रतिशत मतदान हुआ था।

मतों की गिनती शुक्रवार को पूर्वाह्न 10 बजे शुरू होगी। अंतिम परिणाम शाम चार बजे तक आने की उम्मीद है।




# ईरान में फंसा गाजियाबाद का मर्चेंट नेवी अफसर परिवार ने सरकार से लगाई मदद की गुहार

### - पीएम मोदी से की मदद की अपील







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** साहिबाबाद स्थित डीएलएफ कॉलोनी निवासी मर्चेंट नेवी थर्ड इंजीनियर केतन मेहता ईरान में फंस गए हैं। ईरान रेवोल्यूशनरी गार्ड ने जहाज सहित 16 क्रू सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिसके बाद परिजन लगातार प्रधानमंत्री समेत केंद्र सरकार से बेटे को सुरक्षित लौटाने की अपील कर रहे हैं। दरअसल डीएलएफ कॉलोनी में रहने वाले मर्चेंट नेवी ऑफिसर केतन मेहता इन दिनों गंभीर संकट में हैं। वे एक जहाज पर थर्ड इंजीनियर के पद पर तैनात हैं। बताया जा रहा है कि ईरान रेवोल्यूशनरी गार्ड ने जहाज को रोककर कुल 16 क्रू सदस्यों को हिरासत में ले लिया है। घटना के बाद परिवार में दहशत और चिंता का माहौल है। परिजनों ने नम आंखों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्रालय और संबंधित एजेंसियों से गुहार लगाई है कि बेटे को सुरक्षित भारत वापस लाने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं। पिता ने कहा कि पिछले कई दिनों से बेटे से सीधी बात नहीं हो पा रही है और परिवार मानसिक तनाव की स्थिति में है।

मां ने भावुक होकर कहा कि हमारे बेटे को सुरक्षित भारत वापस लाया जाए, यही हमारी एक ही मांग है।

परिजनों ने भारतीय दूतावास और डीजी सिपिंग से भी सहायता की अपील की है। परिवार का कहना है कि अब पूरा भरोसा भारत सरकार पर है और उम्मीद है कि जल्द समाधान निकलेगा।

# थाना सिहानी गेट में पुलिसकर्मियों को दिए गए जीवन रक्षा के टिप्स

### एक्सपर्ट डॉक्टरों की टीम ने बताया कैसे देना है सीपीआर और पंप



### इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर और फील्ड ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को दी गई ट्रेनिंग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सड़क हादसों और अन्य आपात स्थितियों में घायल लोगों की जान बचाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने विशेष पहल की गई है। इसके तहत थाना सिहानी गेट में पुलिस कर्मियों को जीवन रक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम में इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर और फील्ड में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को सीपीआर और प्राथमिक चिकित्सा के अभ्यास पर प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षकों की टीम में संतोष मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के एक्सपर्ट डॉक्टर शामिल थे, जिन्होंने पुलिस कर्मियों को बताया कि सड़क हादसों या अन्य आपात स्थितियों में घायल व्यक्ति को कैसे तुरंत सहायता दी जाए। इसमें बताया गया है कि किसी व्यक्ति को सीपीआर और सांस- मुंह पंप द्वारा जीवनरक्षा कैसे प्रदान करना। वहीं खून अधिक बहने पर तुरंत उपाय और प्राथमिक रोकथाम। इसी के साथ हड्डी टूटने या गंभीर चोट की स्थिति में आपात प्रतिक्रिया। कार्यक्रम में कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक प्रताप बालियान और थाने के सभी चौकी प्रभारी, बीट पर तैनात सब इंस्पेक्टर और महिला सब इंस्पेक्टर मौजूद रहे।



### पुलिस कमिश्नरेट जीवन रक्षा भी करेगी : सीपी



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने बताया कि यह अभियान सुनिश्चित करता है कि पुलिस सड़क हादसों और आपात स्थितियों में पहले पहुंचकर जीवन रक्षा में अहम भूमिका निभा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक थाना अपने क्षेत्र में इस तरह की ट्रेनिंग एक्सपर्ट डॉक्टरों के सहयोग से आयोजित की जाएगी। बीते दिनों इसी तरह का प्रशिक्षण ट्रैफिक पुलिस के लिए भी आयोजित किया गया था, और आने वाले दिनों में इसे अन्य थानों में भी लागू किया जाएगा।



# जमानत पर रिहाई के बाद हिंदू रक्षा दल प्रमुख का जश्न, आतिशबाजी के वीडियो वायरल

### - डासना जेल से लेकर साहिबाबाद तक काफिला निकला
### - लग्जरी गाड़ियों पर बजते रहे हूटर पुलिस रही खामोश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी की जमानत पर रिहाई के बाद गुरुवार को बड़ा जश्न देखने को मिला। डासना जेल से निकलते ही उनके समर्थकों और संगठन के कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जुट गई। इसके बाद लग्जरी वाहनों के काफिले के साथ पिंकी चौधरी और उनके बेटे हर्ष चौधरी को साहिबाबाद तक ले जाया गया। काफिले में थार, फॉर्च्यूनर, स्कॉर्पियो समेत कई गाड़ियां शामिल रहीं। रास्ते में नारेबाजी, आतिशबाजी और हॉर्न हूटर बजाकर जश्न किया गया। इस दौरान बने वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गए। फिलहाल पुलिस द्वारा किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है।

**तलवार बांटने के मामले में हुई थी गिरफ्तारी :** तलवार बांटने के प्रकरण में पिंकी चौधरी, उनके बेटे समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। कुछ आरोपियों को पहले ही जमानत मिल चुकी थी, जबकि गुरुवार को पिंकी चौधरी और हर्ष चौधरी को रिहाई मिली। रिहाई के बाद समर्थकों ने जश्न का माहौल बना दिया। कुछ दिन पहले साहिबाबाद क्षेत्र में आत्मरक्षा के नाम पर तलवार, फरसे और अन्य हथियार बांटने का वीडियो सामने आया था, जिसके बाद मामला तूल पकड़ा। मुकदमा दर्ज हुआ, गिरफ्तारी हुई और बाद में पुलिस मुख्यालय व जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन भी किया गया। अंततः कोर्ट से जमानत मिलने के बाद यह पूरा घटनाक्रम सामने आया है।



# ईडी रेड मामलाः सुप्रीम कोर्ट से ममता सरकार को झटका

## ईडी के अधिकारी पर दर्ज एफआईआर पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** कोलकाता में बीते आठ जनवरी को आई-पैक के कार्यालय और उसके डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर हुई प्रवर्तन निदेशालय की रेड को लेकर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। इस मामले में ईडी और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच तीखी बहस देखने को मिली। सुप्रीम कोर्ट में अब अगली सुनवाई 3 फरवरी को होगी।

कोलकाता में बीते आठ जनवरी को आई-पैक के कार्यालय और उसके डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर हुई प्रवर्तन निदेशालय की रेड को लेकर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। इस मामले में ईडी और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच तीखी बहस देखने को मिली। सुप्रीम कोर्ट में अब अगली सुनवाई 3 फरवरी को होगी।

**ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस :** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार और राज्य के डीजीपी को नोटिस जारी किया है। अदालत ने दोनों को दो हफ्ते में जवाब देने का आदेश दिया है। अदालत ने ईडी की याचिका पर नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई तक ईडी अधिकारियों के खिलाफ ऋक्षक्षपर रोक रहेगी। कोर्ट ने कहा कि एजेंसी के काम में दखल नहीं दे सकती। कोर्ट ने उउळश समेत सभी दस्तावेजों को सुरक्षित रखने का आदेश भी दिया।

**'भीड़ ऐसे बुला ली गई थी, जैसे कोई प्रदर्शन स्थल जंतर-मंतर हो' :** जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने कहा है कि वह इस मामले में नोटिस जारी कर तथ्यों की जांच करेगी। कोर्ट ने







कोलकाता हाईकोर्ट में ईडी की याचिका की सुनवाई के दौरान हुई अव्यवस्था पर भी गंभीर चिंता जताई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि एजेंसी 14 जनवरी को हाईकोर्ट में हुई सुनवाई से संतुष्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि सुनवाई के दौरान ईडी को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। ईडी ने आरोप लगाया कि कोर्ट रूम में बार-बार माइक बंद हो रहा था, जिससे पक्ष रखने में दिक्कत आई। इसके अलावा, सुनवाई के दौरान भीड़ जुटाने के लिए बसों और गाड़ियों की व्यवस्था की गई थी।

ईडी के अनुसार, हालात ऐसे हो गए थे कि कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को आदेश देना पड़ा कि वकीलों के अलावा किसी अन्य को कोर्ट में प्रवेश न दिया जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि भीड़ ऐसे बुला ली गई थी, जैसे कोई प्रदर्शन स्थल जंतर-मंतर हो। कोर्ट ने इस पूरे घटनाक्रम को गंभीर बताते हुए मामले की जांच का संकेत दिया।

**उपस्थित अधिकारियों को निलंबित किया जाए :** ईडी ने कोर्ट में आरोप लगाया कि रेड के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मौके पर पहुंचीं और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों व अहम दस्तावेजों को जबरन अपने साथ ले गईं। ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस. वी. राजू ने जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और विपुल पंचोली की पीठ को बताया कि कहा कि मुख्यमंत्री के साथ बंगाल के डीजीपी और बड़ी पुलिस टीम भी मौजूद थी। ईडी का दावा है कि पुलिस ने एजेंसी के अधिकारियों के मोबाइल फोन तक छीन लिए, जिससे जांच में बाधा आई और एजेंसी का मनोबल गिरा।

सॉलिसिटर जनरल ने इस तरह के हस्तक्षेप से केवल ऐसी घटनाओं को बढ़ावा मिलेगा और केंद्रीय बलों का मनोबल टूटेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि राज्य सरकारों को लगेगा कि वे हस्तक्षेप कर सकती हैं, अनियमितताएं कर सकती हैं और फिर धरने पर बैठ सकती हैं। साथ ही कोर्ट से अपील की कि स्पष्ट रूप से उपस्थित अधिकारियों को निलंबित किया जाए ताकि उदाहरण स्थापित हो। उन्होंने कहा कि आई-पैक कार्यालय में आपत्तिजनक सामग्री मिलने के सबूत मौजूद थे। साथ ही उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया कि प्रत्यक्ष अधिकार रखने वाले अधिकारियों को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जाए और जो कुछ हो रहा है उसका संज्ञान लिया जाए।

# महाराष्ट्र निकाय चुनाव में स्याही पर बवाल उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे में जुबानी जंग

**मुंबई।** महाराष्ट्र में लंबे अंतराल के बाद 29 नगर निकायों के चुनाव आज हो रहे हैं। इस सियासी जंग का केंद्र मुंबई की बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) बनी हुई है। देश के सबसे अमीर नगर निकाय पर कब्जे की लड़ाई में बीजेपी के नेतृत्व वाली महायुति और उद्धवझराज ठाकरे के गठबंधन के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। 893 वार्डों की 2,869 सीटों के लिए होने वाले मतदान में 3.48 करोड़ मतदाता 15,931 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे। अकेले बीएमसी की 227 सीटों पर 1,700 प्रत्याशी मैदान में हैं और 74 हजार करोड़ रुपये के वार्षिक बजट वाली इस संस्था पर सभी दलों की नजर है। शिवसेना विभाजन के बाद यह पहला बीएमसी चुनाव है, जिससे इसका राजनीतिक महत्व और बढ़ गया है। प्रचार में आरोप-प्रत्यारोप, गठबंधन टूट-जुड़ और लोकलुभावन वादों ने माहौल को और दिलचस्प बना दिया है।




उद्धव ठाकरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा मतदान प्रक्रिया में कई समस्या है। पहले ईवीएम, वोटर, अब स्याही मिटाई जा रही।

**नासिक में ईवीएम मशीन दो घंटे बंद रही :** वार्ड नंबर 28 के विखे पाटिल स्कूल में ईवीएम मशीन दो घंटे बंद रही। इस कारण काफी हंगामा हुआ। वोटर दो घंटे से लाइन में खड़े रहे।

**पहले चार घंटों में 30.52 परसेंट वोटिंग :** परभणी म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के आम चुनाव के दूसरे फेज में 16 वार्ड की कुल 65 सीटों के लिए आज, गुरुवार को सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक कुल 30.52 परसेंट वोटरों ने अपने वोट का इस्तेमाल किया। इसमें कुल 79727 वोटर शामिल थे, जिनमें 44190 पुरुष वोटर और 35537 महिला वोटर शामिल थीं।

**वोटिंग के बीच उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे में शुरू हुई जुबानी जंगः** वोटिंग के बीच ही शिवसेना यूबीटी के उद्धव ठाकरे और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। उद्धव ठाकरे ने स्याही के साथ वोटिंग में धांधली का आरोप लगाया है।

# 42 देशों के संसदीय पदाधिकारियों के सम्मेलन में बोले पीएम- हमारे लोकतंत्र की बुनियाद ठोस

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली के संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में 28वीं कॉमनवेल्थ स्पीकर्स एंड प्रेसिडिंग ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस, 2026 का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री का स्वागत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, और राज्यसभा के उपाध्यक्ष हरिवंश नारायण सिंह ने किया।

**देश की पहली नागरिक और दिल्ली सीएम महिला :** प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा की भारत की राष्ट्रपति देश की पहले नागरिक, एक महिला हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री भी महिला हैं। आज, भारतीय महिलाएं न केवल लोकतंत्र में भाग ले रही हैं बल्कि नेतृत्व भी कर रही हैं। आपमें से कई लोग भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र के रूप में जानते हैं। वास्तव में, हमारे




लोकतंत्र का पैमाना असाधारण है। उदाहरण के तौर पर, 2024 में हुए भारत के आम चुनाव मानव इतिहास का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक अभ्यास थे। लगभग 98 करोड़ नागरिकों ने वोट के लिए पंजीकरण कराया। यह संख्या कुछ महाद्वीपों की जनसंख्या से भी अधिक है। चुनावों में 8,000 से अधिक उम्मीदवार और 700 से अधिक राजनीतिक पार्टियां भाग लीं। महिलाओं के मतदान में भी रिकॉर्ड भागीदारी देखी गई।

उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर आप सभी बैठे हैं वो भारत की डेमोक्रेटिक जर्नी का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। गुलामी के आखिरी वर्षों में जब भारत की आजादी तय हो चुकी थी, उस समय इसी सेंट्रल हॉल में भारत की संविधान की रचना के लिए संविधान सभा की बैठकें हुई थी।

भारत की आजादी के बाद 75 वर्षों तक यह इमारत भारत की संसद रही और इसी हॉल में भारत के भविष्य से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण निर्णय और अनेक चर्चाएं हुई। अब लोकतंत्र को समर्पित इस स्थान को भारत ने संविधान सदन का नाम दिया है।

**कॉमनवेल्थ साझेदारों के भी काम आए अनुभव :** कॉमनवेल्थ देशों की कुल जनसंख्या का लगभग 50 फीसदी हिस्सा भारत में बसता है। हमारा प्रयास रहा है कि भारत सभी देशों के विकास में अधिक से अधिक योगदान करे।

# मकर संक्रांति पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी, ड्रोन से की जा रही है निगरानी




**प्रयागराज।** मकर संक्रांति पर्व पर कड़कड़ाती ठंड पर आस्था भारी रही। भोर से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह 10 बजे तक 36 लाख से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके थे। मकर संक्रांति पर करीब ढाई लाख श्रद्धालुओं के त्रिवेणी में स्नान करने का अनुमान लगाया गया है। पूरे माघ मेले में सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद इंतजाम हैं। एटीएस की नजर पूरे मेले पर है। पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के साथ ड्रोन से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी की जा रही है।

मकर संक्रांति पर मेला प्रशासन ने दो से ढाई करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान करने का अनुमान जताया है। इसके 24 स्नान घाटों पर इंतजाम किया गया है। इसके अलावा हाईटेक रिस्पांस प्लान लागू कर आधुनिक ट्रैफिक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। नदी की धारा में परिवर्तन के कारण घाटों में आंशिक संशोधन भी किया गया है।

स्नान घाटों एवं मार्गों पर किसी को भी सोने न देने, पैनिक की स्थिति उत्पन्न न होने देने और संचार के लिए अनिवार्य रूप से वायरलेस सेट के प्रयोग के लिए प्लान तैयार किया गया हैं। वहीं, मकर संक्रांति पर्व से पहले बुधवार को 75 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई।

श्रद्धालु सिर पर गठरी, हाथों में बैग, झोला लिए पैदल संगम की ओर बढ़ते नजर आए। मेला संतों, साधु-संन्यासियों और कल्पवासियों के विराट समागम का केंद्र बन गया है। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल के अनुसार नदी के जलस्तर में उतार-चढ़ाव के अनुरूप घाटों एवं मार्गों पर आवश्यक कार्रवाई करने पर विशेष जोर देने को कहा गया है।डीएम मनीष वर्मा ने बताया कि जल पुलिस को पूरी सतर्कता बरतने के लिए कहा गया है। एसपी नीरज कुमार पांडेय के अनुसार, जो जिधर से आएगा उसी नजदीक के स्नान घाट पर स्नान कराने का निर्देश दिया गया है।

संवेदनशील चौराहों के बीच जाम लगने वाले आठ स्थान चिह्नित किए गए हैं। उन्हें क्लियर रखने के लिए क्यूआरटी बनाई गई है जो टीसीआर की सूचना पर तत्काल जाम स्थल पर पहुंच सकते हैं। हर क्यूआरटी में छह-छह सिपाही और एक क्यूआरटी व्हीकल है। सीओ स्तर के अधिकारी द्वारा टीसीआर का पर्यवेक्षण करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मेले में जाम लगने पर एसीपी, एसएचओ और एसआई जवाबदेह होंगे।

**श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम :** पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार के अनुसार श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विभिन्न घाटों से लेकर मेला क्षेत्र में पुख्ता इंतजाम किया गया है। 12 कंपनी पीएसी, बाढ़ राहत पीएसी की सात कंपनी, एनडीआरएफ की दो टीमें, एसडीआरएफ, एंटी माइंस की एक-एक कंपनी, एटीएस की दो टीमें, बीडीडीएस की छह, एएस चेक की दस टीमें आदि।

## रामनगरी में मकर संक्रांति की धूम रामलला को लगा खिचड़ी का भोग

### ठंड में भी कम नहीं हुआ श्रद्धालुओं का उत्साह



अयोध्या। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर अयोध्या में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। राम मंदिर में भगवान रामलला को विधि-विधान से खिचड़ी का भोग अर्पित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए विशेष पूजन के बाद श्रद्धालुओं के लिए दर्शन की व्यवस्था की गई। भोर से ही सरयू घाटों पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। आस्था की डुबकी लगाने के बाद भक्त रामलला के दर्शन के लिए मंदिर की ओर बढ़ते नजर आए। ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह और भक्ति भाव कम नहीं हुआ।

मंदिर परिसर में जय श्रीराम के उद्घोष गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति पर तिल, गुड़ और अन्न का दान कर पुण्य अर्जित किया। प्रशासन की ओर से भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मठ-मंदिरों में मकर संक्रांति के अवसर पर विराजमान भगवान को खिचड़ी का भोग अर्पित किया गया। मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी के भोग के साथ रामनगरी में श्रद्धा, परंपरा और उत्सव का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# दिल्ली-एनसीआर में गलन वाली ठंड ! लगातार तीसरे दिन चली शीतलहर, बढ़ी परेशानी

## कोहरे के कारण उड़ानें प्रभावित

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आज सुबह घने से बहुत घने कोहरे ने राजधानी को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया है। अक्षरधाम मंदिर सहित शहर के कई हिस्सों में सफेद चादर बिछी हुई नजर आ रही है। जिससे दृश्यता काफी कम हो गई है।

**दिल्ली के पालम इलाके में सबसे कम तापमान :** मौसम विभाग की ओर से आंकड़े जारी किए गए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली के सफदरजंग इलाके में न्यूनतम तापमान 2.9, पालम इलाके में 2.3, लोधी रोड इलाके में 3.4, रीज एरिया में 4.5 और आया नगर में 2.7 दर्ज हुआ है। सबसे कम तापमान पालम इलाके में रिकॉर्ड हुआ।

**कोहरे के कारण उड़ानें प्रभावित :** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कोहरे के चलते कम विजिबिलिटी के कारण कई उड़ानें विलंबित हो रही हैं। एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे अपनी फ्लाइट्स की लेटेस्ट




जानकारी चेक करें। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, दर्जनों फ्लाइट्स पर असर पड़ा है, हालांकि ऑपरेशंस सीएटी क्क्क्लो विजिबिलिटी प्रोसीजर के तहत चल रहे हैं।

**दिल्ली-एनसीआर में कितनी बढ़ी ठंड ? :** दिल्ली-एनसीआर में धूप निकलने के बावजूद गलन वाली ठंड जारी है। बुधवार सुबह 8:30 बजे दिल्ली में न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नोएडा में पारा 2.0 डिग्री, गाजियाबाद में 4.8 डिग्री, गुरुग्राम में 0.8 डिग्री और फरीदाबाद में 4.3 डिग्री सेल्सियस रहा। कई इलाकों में घना कोहरा भी छाया रहा, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ।

**फरीदाबाद में भी छाया कोहरा :** फरीदाबाद में दो-तीन दिन मौसम साफ रहने के बाद बुधवार सुबह फिर छाया कोहरा वाहन चालकों को करना अपना परेशानी का सामना कोहरे के साथ ठंड भी बढ़ी जिसमें खासकर दोपहिया चालकों को परेशानी हुई।

# ईरान में फंसे 2000 कश्मीरी छात्र, पीएम से लगाई गुहार




**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन (जेकेएसए) ने ईरान में फंसे करीब 2000 कश्मीरी छात्रों और अन्य भारतीय नागरिकों की बढ़ती सुरक्षा चिंताओं को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री डॉ. एस.जयशंकर से तत्काल हस्तक्षेप कर भारतीय छात्रों सहित सभी नागरिकों की निकासी की व्यवस्था करने की मांग की है।

एसोसिएशन ने कहा है कि तेहरान में भारतीय दूतावास ने छात्रों को जल्द से जल्द स्व-व्यवस्थित तरीके से ईरान छोड़ने की सलाह दी है लेकिन अभी तक कोई औपचारिक या समन्वित निकासी योजना घोषित नहीं की गई है। जेकेएसए के राष्ट्रीय संयोजक नासिर खुएहामी ने एक बयान में कहा कि ईरान में तेजी से बिगड़ती सुरक्षा स्थिति ने कश्मीर में व्यापक भय, अनिश्चितता और चिंता पैदा कर दी है। अभिभावक अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर अत्यधिक परेशान हैं।

एसोसिएशन ने कहा कि अस्थिर और अशांत वातावरण में छात्रों से स्वयं निकासी की व्यवस्था करने की उम्मीद करना न तो सुरक्षित है और न ही व्यावहारिक।

# किश्त टूटने पर रिकवरी एजेंट्स ने कब्जे में ली बच्चों से भरी स्कूल बस

## परिजनों में आक्रोश, स्कूल प्रबंधन व पुलिस पर लापरवाही के आरोप




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना वेव सिटी क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया, जहां एक नामी निजी स्कूल की बस को रिकवरी एजेंट्स ने बीच रास्ते में रोककर कब्जे में ले लिया। आरोप है कि किश्त टूटने पर रिकवरी एजेंट्स ने बस ड्राइवर को उतारा और बस में बैठे बच्चों को लेकर घंटों तक शहर में घुमाते रहे। घटना ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बस में उस समय छात्र-छात्राएं सवार थे, जिनकी संख्या को लेकर अलग-अलग दावे सामने आ रहे हैं। बस के मालिक सुखविंद्र सिंह बताए जा रहे हैं। परिजनों ने कहा कि बच्चों को पहले ही छोड़कर वाहन कब्जे में लेने की प्रक्रिया हो सकती थी, लेकिन एजेंट्स ने सीधे बच्चों को खतरे में डाल दिया।

परिजनों का आरोप है कि रिकवरी एजेंट्स ने न केवल बस में प्रवेश किया बल्कि ड्राइवर को रास्ते में उतारकर खुद बस चलाते हुए घंटों तक शहर में घूमते रहे। इस दौरान किसी भी बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन स्कूल प्रबंधन पर भड़क उठे। परिजनों का कहना है कि स्कूल और ट्रांसपोर्ट विभाग को बच्चों की सुरक्षा को लेकर कोई सिस्टम नहीं दिखा और घटना के बाद भी उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई।

परिजनों ने पुलिस पर भी लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि शिकायत देने के बावजूद समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मामले के तूल पकड़ने पर देर शाम लालकुआं चौकी इंचार्ज ने कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।




# भगवागढ़ में इन केसरिया मुस्लिम चेहरों को कब मिलेगी सियासी ऑक्सीजन
# लम्बे समय से कर रहे हैं पार्टी की सेवा, वो भी बिना किसी रीजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में बिरादरी एक समीकरण होता है, धर्म एक समीकरण होता है और कोई कुछ भी कहे लेकिन पूरी सियासत बिरादरी औरधर्म की धुरी पर घूमती है। टिकट कावितरण इसी समीकरण के इर्द गिर्द घूमता है। भाजपा की राजनीति में करंट क्राइम ने युवाओं की बात की महिलाओं की बात की और आज बात उन मुस्लिम चेहरों की होगी जो भाजपा में लम्बे समय से राजनीति कर रहे हैं। इन चेहरों ने विपरीत धारा में पार्टी का झंडा उठाया है पार्टी के हर आंदोलन में साथ रहे हैं और राष्ट्रीय पलट से लेकर अंतराष्ट्रीय स्तर पर एक संदेश दिया है कि भाजपा कभी भी मुस्लिम विरोधी पार्टी नहीं रही है। ये चेहरे भाजपा के कार्यकर्ता हैं। बड़ी बात ये है कि अगर संगठन वाले पदों से लेकर टिकट वाले कदों तक देखें तो ये महसूस होता है कि भगवागढ़ गाजियाबाद के इन मुस्लिम चेहरों को एक लम्बे समय से सियासी ऑक्सीजन नहीं मिली है। वो हर सीजन में पार्टी के साथ रहे हैं। सवाल यही है कि आखिर इन मुस्लिम चेहरों पर कब कृपा का बादल बरसेगा। कब इन चेहरों के किसी आयोग में जाने के योग बनेंगे। क्या पार्टी का झंडा बरदार रहे इन चेहरों में से किसी चेहरे को नगर निगम में नामित पार्षद बनने का अवसर प्राप्त होगा। क्या पार्टी इनमें से किसी को इस योग्य मानेगी कि इन्हें जीडीए बोर्ड में सदस्य बनाकर भेजे। पार्टी के ये मुस्लिम चेहरे भाजपा के वफादार चेहरे हैं।

## कर्मठता की एक नजीर डा. रिजवान खान मीर



करंट क्राइम। ये नाम भाजपा के कार्यकर्ता शिजरे का वफादार और समर्पित नाम माना जाता है। पार्टी के सबसे पुराने कार्यकर्ता हैं। उच्च शिक्षित चेहरा हैं और छात्र जीवन से ही भाजपा की विचारधारा से जुड़े हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपनी राजनीति की शुरूआत की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष रहे हैं। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रहे हैं। अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा में महानगर अध्यक्ष रहे हैं। डा. रिजवान खान मीर भाजपा की मुस्लिम राजनीति का उच्च शिक्षित, कर्मठ और समर्पित चेहरा हैं। ये एक ऐसा चेहरा हैं जो केवल संगठन के पद ही नहीं बल्कि पार्टी के आला दर्जे के नेताओं के भी फोकस में हैं। महानगर से लेकर प्रदेश की राजनीति में एक बड़ा कद है। लम्बे समय से पार्टी के लिए संघर्ष किया है और अब इस चेहरे को एक मजबूत मुकाम की जरूरत है। पार्टी यदि इस चेहरे के लिए सम्मान जनक स्तर पर विचार करती है तो ये डा. रिजवान खान मीर के लिए एक तरीके का उपहार होगा। एक लम्बे समय से पार्टी का झंडा उठा रहे हैं और अब तो कुछ विचार होना चाहिए।

## भाजपा की राजनीति में सक्रिय चेहरा बने हैं रियासुद्दीन सलमानी



करंट क्राइम। रियासुद्दीन सलमानी राजनीति के पुराने चेहरे हैं। सबसे खास बात उनका मधुर व्यवहार और क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता है। हमेशा सभी के साथ रहते हैं। समाजवादी सरकार में नामित पार्षद रहे और बसपा सरकार में उन्होंने निगम पार्षद का चुनाव लड़ा और चुनाव जीते। अब वो भाजपा में हैं और भाजपा में सक्रिय राजनीति कर रहे हैं। रियासुद्दीन सलमानी राजनीति के पुराने खिलाड़ी हैं और अपनी बिरादरी में भी लोकप्रिय है। उनके पास बिरादरी के संगठन की राष्ट्रीय स्तर की जिम्मेदारी है। राजनीति में पुराने जानकार उनके व्यवहार की आज भी तारीफ करते हैं। बेहद व्यवहारिक हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि वो अपनी बिरादरी से लेकर समाज के अन्य वर्गों में मजबूत पकड़ रखते हैं। राजनीति के इस खिलाड़ी को अगर बेहर पिच मिले तो ये अच्छा स्कोर कर सकते हैं। इस चेहरे को एक प्लेटफॉर्म की जरूरत है और यहीं से वो सियासत का रूख मोड़ने की क्षमता रखते हैं।

## हाजी जमालुद्दीन अलवी पर कब होगी महरबानी



करंट क्राइम। भाजपा अपने कार्यकर्ता को देवतुल्य मानती है और कार्यकर्ता को सम्मान देती है। बात यहां भाजपा की मुस्लिम राजनीति की हो रही है और कार्यकर्ता सम्मान की बात है तो यहां हाजी जमालुद्दीन अलवी का नाम जरूर आयेगा। हर पन्ने पर आयेगा और अपनी उपलब्धियों के साथआयेगा। वर्ष 2012 से भाजपा की राजनीति में एक्टिव हैं। कोई आंदोलन ऐसा नहीं है जिसमें हाजी जमालुद्दीन अलवी ना शामिल हुए हों। वो सैक्टर अध्यक्ष रहे हैं और शहर मंडल अध्यक्ष रहे हैं। अल्पसंख्यक मोर्चा से राजनीति की शुरूआत करने वाले हाजी जमालुद्दीन अलवी ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष पद को संभाला है। लगभग 4 साल वो इस पद पर रहे। हाजी जमालुद्दीन अलवी लगभग चार साल से भाजपा की राजनीति में अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। बूथ स्तर पर काम किया है और संगठन में प्रदेश स्तर पर पहुंचे है। बेहद मिलसार स्वभाव है और भाजपा की विचारधारा से प्रबलता से जुड़े हैं। संगठन के इस चेहरे को सरकार में कृपा का मौका कब मिलेगा ये देखने की बात है। संगठन में उनके नाम का भी कोई योग है या नहीं ये कब पता चलेगा। हाजी जमालुद्दीन अलवी भाजपा के कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ताओं में आते हैं।

## विपक्ष से सरकार का सफर और शौकत कुरैशी



करंट क्राइम। पुराने और मूल कार्यकर्ता की बात हो तो यहां शौकत कुरैशी का नाम सबसे पहले आयेगा। भाजपा का रिकॉर्ड बताता है कि अगर मुस्लिम बस्तियों से भाजपा कार्यकर्ता के नाम की आवाज लगेगी तो सबसे पहलानाम शौकत कुरैशी का आयेगा। भाजपा के मूल कार्यकर्ता हैं और उस जमाने से भाजपाका झंडा उठा रहे हैं जब संगठन की टीम बनाना भी चुनौती होती थी। संगठन में कई पदों पर रहे हैं। भाजपा के विपक्ष से लेकर भाजपा की सरकार का सफर उन्होंने देखा है मगर इस चेहरे को भाजपा ने क्या दिया है ये सबके सामने है। भाजपा की मुस्लिम राजनीति का ये मूल कार्यकर्ता आखिर कब कृपा से अभिभूत होगा ये देखने की बात है।

## भगवा राजनीति का मजबूत नाम है डॉ नदीम



करंट क्राइम। भाजपा की राजनीति में डॉ नदीम एम मजबूत नाम हैं। उस जमाने में उन बस्तियों में भाजपा का झंडा उठाया है जहां भाजपा के लिए कोई स्कोप नहीं था। लेकिन इस चेहरे ने डोर टू डोर जाकर भाजपा की नीतियों को वहां तक पहुंचाया। डॉ नदीम अल्पसंख्यक मोर्चा की महानगर टीम में महामंत्री रहे हैं। उसके बाद से फिर ये चेहरा परिस्थितियों के अधीन होकर हाशिये पर आ गया। लेकिन मूल कार्यकर्ता भाव से काम करते हैं और कभी पद या टिकट की डिमांड नही करते हैं। जब भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल गाजियाबाद आये थे तो तिरंगा यात्रा में अपनी कव्वाली को लेकर डॉ नदीम बड़े नेताओं की नजर में थे। सभी ने उनके कव्वाली कार्यक्रम की सराहना की थी। भाजपा का सेक्यूलर फेस हैं। इन दिनों महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के साथ कार्यकर्ता भाव से काम कर रहे हैं।

## भगवा मुस्लिम राजनीति का मजबूत महिला चेहरा हैं शहाना



करंट क्राइम। कैला भट्ठा की रहने वाली शहाना भाजपा की मुस्लिम महिला राजनीति का प्रमुख चेहरा हैं। हमेशा से भाजपा की विचारधारा से जुड़कर काम किया है। मुस्लिम बस्तियों में भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाई है। भाजपा के पक्ष में एक माहौल तैयार करने के लिए हमेशा मेहनत की है। वो भाजपा महिला मोर्चा की मंडल पदाधिकारी रहीं हैं। मंडल की राजनीति में एक्टिव हैं। हमेशा क्षेत्र में जनता के बीच जुड़कर काम करती हैं। मुस्लिम महिलाओं को भाजपा की विचारधारा से जोड़ा है। भाजपा की महिला राजनीति में एकमात्र मुस्लिम चेहरा हैं और इस चेहरे पर भी कृपा होनी चाहिए।

## भगवा सियासत के वरिष्ठ चेहरों में हैं यामीन का नाम



करंट क्राइम। भाजपा की मुस्लिम राजनीति में गिनती के चेहरे हैं और इन चेहरों में अपना शत प्रतिशत योगदान दिया है। भाजपा की राजनीति का जिक्र करें और मुस्लिम चेहरों की बात करें तो उनमे यामीन के नाम को इग्नोर नहीं किया जा सकता है। मशहूर जलेबी वालों के नाम से यामीन जलेबी वाले जाने जाते हैं। भाजपा की विचारधारा के साथ काम करते हैं। भाजपा के हर कार्यक्रम में वो शामिल होते हैं। भाजपा की मुस्लिम राजनीति का गाजियाबाद में वरिष्ठ और समर्पित चेहरा हैं।

## युवा मुस्लिम राजनीति के चेहरे हैं जावेद सैफ



करंट क्राइम। भाजपा की राजनीति में जिन मुस्लिम युवा चेहरों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है उनमें एक नाम जावेद सैफ का भी आता है। जावेद सैफ ने भाजपा की संगठन राजनीति से शुरूआत की। वो अल्पसंख्यक मोर्चा के महानगर अध्यक्ष भी रहे हैं और वो अल्संख्यक मोर्चा की क्षेत्रीय अध्यक्ष वाली पारी भी खेल चुके हैं। हालांकि यहां कुछ राजनीतिक विवाद बताया जाता है। लेकिन ये चेहरा भी भाजपा की मुस्लिम राजनीति का एक्टिव चेहरा रहा है।

## जावेद मलिक भी हैं भगवा मुस्लिम राजनीति का फेस



करंट क्राइम। भाजपा की मुस्लिम राजनीति को वार्ड में अगर एक्टिवेट मोड पर रखने वाले लीडरों की गिनती हो तो उनमें जावेद मलिक का नाम आता है। जावेद मलिक भाजपा के टिकट पर पार्षद का चुनाव लड़ चुके हैं। बूथ स्तर पर एक्टिव रहते हैं।

# ऑपरेशन प्रहार में कमिश्नरेट पुलिस की बड़ी कामयाबी
# अफीम-गांजा तस्कर गिरफ्तार, 25 लाख की खेप बरामद

### - क्राइम ब्रांच की टीम ने लिया एक्शन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मादक पदार्थों की तस्करी पर नकेल कसने के लिए पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन प्रहार का असर दिखने लगा है। गुरुवार को क्राइम ब्रांच और विभिन्न थाना क्षेत्रों की टीमों ने दो अलग-अलग कार्रवाई में करीब 25 लाख रुपये मूल्य की अफीम और गांजा बरामद करते हुए तस्करों को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच की स्वॉट टीम ने थाना साहिबाबाद क्षेत्र के मोहन नगर इलाके से झारखंड से तस्करी कर लाई जा रही 2 किलो से अधिक अफीम बरामद की। पुलिस ने इस मामले में सुनील और सुनीता देवी, दोनों निवासी झारखंड, को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी पिछले 3 वर्षों से बरेली, गाजियाबाद, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर में ऑन-डिमांड अफीम सप्लाई करते थे। तस्करी के लिए आरोपी कभी बस तो कभी ट्रेन से सफर कर माल पहुंचाते थे। क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया





कि आरोपियों द्वारा कई करोड़ की अफीम की सप्लाई किए जाने का अंदेशा है। उधर लोनी पुलिस ने अनुज नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से लगभग पौने चार किलो गांजा और छोटे-बड़े पैकेट (पिन्नी) बरामद किए गए। आरोपी गांजा की ऑन-डिमांड डिलीवरी करता था।

### सिटी जोन में भी तैयार बड़ी कार्रवाई

करंट क्राइम : सूत्रों के मुताबिक, 26 जनवरी से पहले सिटी जोन के कई इलाकों में भी नशे के नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी है। इसके लिए पुलिस ने चिह्नित स्थानों और संपर्क नेटवर्क पर फोकस करते हुए प्लानिंग तेज कर दी है।

# पोस्ट डालकर विधायक संजीव शर्मा ने ये अहसास कराया
# रूठे दोस्त पहलवान को घर जाकर मनाया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कभी ये जोड़ी ऐसी जोड़ी थी कि कोई सा भी रास्ता हो ये साथ जाते थे। रास्ते अलग अलग थे मगर साथ एक रहता था। राजनीति ने कुछ ऐसी करवट ली कि धीरे धीरे दोस्ती ने ही करवट ले ली। फिर कुछ यूं हुआ कि एक नदिया के उस पार रहने लगा और दूसरा नदिया के इस पार आकर भी लाईन के उस पार रहने लगा। एक की राजनीति समाधान शक्ति पर फोकस होने लगी और दूसरे के नये यार आ गये। लेकिन दोस्ती पक्की है, प्यार पक्का है तो फिर कहीं ना कहीं तो असर आता ही है। फिलहाल सीन ये चल रहा था कि रास्ते अलग अलग हो रहे थे। पहले बाहर भी जाते थे तो एक साथ जाते थे और अब तो ये हो गया कि नजदीक हो या दूर हो, लोकल हो या बाहर का टूर हो दोनों ही अलग अलग जाने लगे। इस विधानसभा से लेकर उस विधानसभा तक इस नाराजगी के चर्चे बाहर आने लगे। लेकिन कमान्डर बड़े दिल वाले हैं और पहलवान हमेशा ही बड़े दिल से राजनीति करते हैं। मकर संक्रांति के पर्व पर एक पैगाम आया और शहर विधायक संजीव शर्मा बेहतर जानते हैं कि उन्होंने सोशल मीडिया पर इस पैगाम को क्यों लगाया। वो




आखिर सभी आम और खास को क्या पैगाम देना चाहते हैं। लेकिन अभी तक ये सुना था कि होली पर दिल मिल जाते हैं मगर मकर संक्रांति पर भी दिल मिलने वाली खबर आयी है। संजीव शर्मा पप्पू पहलवान के क्षेत्र साहिबाबाद में पहुंचे। उन्होंने खुद पोस्ट डालकर सबको बताया कि मकर संक्रांति केवल खिचड़ी बांटने या खाने का पर्व नहीं है, मकर संक्रांति रूठों को मनाने का भी पर्व है। संजीव शर्मा ने लिखा कि मकर संक्रांति पर माना जाता है कि जो बड़े सम्मानित रूठ जाते हैं उनको मनाया जाता है। फिर उन्होंने लिखा कि अपने बड़े भाई पप्पू पहलवान को साहिबाबाद में जाकर मनाया और आशीर्वाद लिया। यहां पर खास बात ये थी कि उन्होंने अपने बड़े भाई, परम मित्र पप्पू पहलवान को अपने हाथों से लड्डू भी खिलाया। ये एक अच्छी पहल है और जिनका दिल बड़ा होता है वो रिश्तों को निभाना जानते हैं। विधायक संजीव शर्माने अपने परम मित्र पप्पू पहलवान को मकर संक्रांति पर लड्डू खिलाकर मनाया है। ये पैगाम उन्होंने सोशल मीडिया के जरिये जनता तक पहुंचाया है। उन्होंने अपने बड़े भाई पप्पू पहलवान का आशीर्वाद लिया है। अब ये अलग बात है कि पप्पू पहलवान ने वो लड्डू पूरा खाया है या नहीं खाया है। पप्पू पहलवान मकर संक्रांति के लड्डू से माने हैं या नहीं माने हैं, इस बात का भी खुलासा करंट क्राइम के अगले एपिसोड में हो ही जायेगा।

# गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर होगा
# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन
## साहित्य और राष्ट्रभाव का भव्य संगम : हिमांशु लव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 22 जनवरी 2026 को हिंदी भवन, लोहिया नगर में आयोजित होने जा रहे अखिल भारतीय कवि सम्मेलन को लेकर तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। कविवर कृष्ण मित्र चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) द्वारा आयोजित यह सम्मेलन वीर रस के महाकवि स्व. कृष्ण मित्र की स्मृति को समर्पित होगा, जिसमें देशभर के प्रतिष्ठित कवि काव्यपाठ करेंगे।



इस आयोजन को लेकर पूर्व पार्षद एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष हिमांशु लव ने बताया कि गणतंत्र दिवस राष्ट्र की चेतना और आत्मसम्मान का पर्व है और इस कवि सम्मेलन के माध्यम से उसी भावना को साहित्य के जरिए जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयोजन की समस्त जिम्मेदारियाँ–कवियों के समन्वय, मंच व्यवस्था, अतिथियों के स्वागत और श्रोताओं की सुविधाओं–को लेकर समिति पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है, ताकि कार्यक्रम स्मरणीय बन सके।हिमांशु लव ने जानकारी दी कि सम्मेलन में देश के नामचीन कवि अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर करेंगे। इनमें डॉ. हरिओम पवार, डॉ. विष्णु सक्सेना, राकेश राणा, विकास त्यागी, तेज नारायण शर्मा, अनिल अवस्थी, शबाना अदीब, कविता तिवारी और राम बाबर शामिल हैं, जो ओज, वीर रस, हास्य और श्रृंगार से सजी रचनाएँ प्रस्तुत करेंगे।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा उपस्थित रहेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएंगे।आयोजन समिति में अध्यक्ष पं. हिमांशु लव के साथ महासचिव मनु वशिष्ठ तथा समिति से जुड़े वेद प्रकाश गर्ग सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। हिमांशु लव के अनुसार, सभी पदाधिकारी मिलकर इस आयोजन को साहित्यिक दृष्टि से यादगार बनाने में जुटे हुए हैं।उन्होंने कहा कि यह कवि सम्मेलन न केवल गणतंत्र दिवस की भावना को जीवंत करेगा, बल्कि गाजियाबाद को एक बार फिर साहित्यिक और सांस्कृतिक मानचित्र पर सशक्त रूप से स्थापित करेगा।

# अब नशा पीड़ितों का भी पुलिस रखेगी ध्यान
## बेहतर उपचार, काउंसलिंग और पुनर्वास सुविधाओं के लिए होंगे ठोस इंतजाम





गाजियाबाद, करंट क्राइम : नशे की गिरफ्त में आए युवाओं और अन्य नशा पीड़ितों को समाज की मुख्यधारा में वापस लाने के लिए पुलिस प्रशासन अब संवेदनशील और सहयोगी भूमिका निभाएगा। इसके तहत नशा करने वालों की पहचान, उनके उपचार, काउंसलिंग और पुनर्वास जैसे पहलुओं पर सिस्टमेटिक सुधार और बेहतर सुविधाओं की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था एवं यातायात) आलोक प्रियदर्शी ने थाना कविनगर क्षेत्र स्थित के एक सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सेंटर में मौजूद उपचार प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं और मरीजों की स्थिति का बारीकी से मूल्यांकन किया गया। अधिकारियों ने चिकित्सकों, प्रबंधन और काउंसलर्स के साथ विस्तृत चर्चा कर नशा पीड़ितों की पहचान, इलाज और मनोवैज्ञानिक पुनर्वास को लेकर स्वच्छ रणनीतियों पर विचार रखा। चर्चा में यह भी सामने आया कि नशा पीड़ितों के साथ संवेदनशीलता, काउंसलिंग, और समुदाय आधारित प्रोत्साहन कार्यक्रम बेहद महत्वपूर्ण हैं, ताकि मरीज न केवल इलाज पूरा कर सकें बल्कि आगे के जीवन में दोबारा नशे की ओर न लौटें।अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी ने कहा कि पुलिस की भूमिका केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि ऐसे मामलों में सामाजिक सुधार और सहयोगी हस्तक्षेप भी जरूरी है। उन्होंने बेहतर सुविधाओं के लिए जरूरी कार्रवाई और संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। पुलिस की इस पहल से उम्मीद है कि नशे की समस्या से जूझ रहे लोगों को बेहतर उपचार, नया सहारा और पुनर्वास का रास्ता मिलेगा, जबकि समाज में नशा मुक्त अभियान को भी ज्यादा प्रभावी और परिणाममुखी बनाया जा सकेगा।

# एसआईआर-2 पर है भाजपा का विशेष ध्यान
### पार्षद-मंडल अध्यक्ष सहित पूरी टीम को दिया गया है काम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसआईआर अभियान में डाटा वाले घाटा को पूरा करने के लिए भाजपा मैदान में आ गई है। अब उसे फार्म 6 से उम्मीदें हैं क्योंकि इसके जरिए नई वोट का निर्माण होगा। सूत्र बताते हैं कि भाजपा ने भरपाई पूरी करने के लिए अपने भाजपाई अभियान को तेज कर दिया है।

बताया जाता है कि लगभग 2.5 लाख से ज्यादा वोट बनवाने का टारगेट तय किया गया है। भाजपा फार्म 6 अभियान को एसआईआर-2 अभियान के नाम से ला रही है। 16 जनवरी से एक विशेष अभियान चलेगा और तीन दिन तक यह विशेष अभियान हर बूथ पर चलेगा। 16 जनवरी से 18 जनवरी तक चलने वाले इस अभियान में भाजपा ने अपने सभी पदाधिकारियों को बूथ आवंटित किये हैं। ये विशेष अभियान है और इस पर भाजपा का ध्यान है।

माना ये जा रहा है कि इस अभियान में एक टारगेट दिया गया है कि जितनी मात्रा में वोट कटी हैं उतनी




मात्रा में नई वोट बनानी हैं। भाजपा की टीम हर बूथ पर आ गई है। इस टीम में मंडल अध्यक्ष को लिया गया है। इस टीम में महानगर और जिले के पदाधिकारी हैं।

टीम में सेक्टर संयोजक हैं और कई जगह अन्य जनप्रतिनिधियों की ड्यूटी लगाई गई है। तीन दिन तक भाजपा अपने सेक्टर संयोजक से लेकर पार्षद और मंडल अध्यक्ष से लेकर महानगर की टीम के पदाधिकारियों के साथ हर बूथ पर मौजूद रहेगी। वो नये वोटों के निर्माण में अपनी सहभागिता तय करेंगे। लोगों की मदद करेंगे और इसके लिए संगठन से गाईडलाईन भी आ गई है।

## संपादकीय

# साइबर ठगी पर कड़ा शिकंजा

डिजिटल लेन-देन के बढ़ते चलन के साथ साइबर ठगी और डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों में इजाफा हुआ है।

पिछले कुछ वर्षों में साइबर धोखाधड़ी का जाल इतना व्यापक हो गया है कि कब कौन ठगी का शिकार हो जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। जिस तेजी से इस तरह के मामले बढ़ रहे हैं, वह गंभीर चिंता का विषय है। सवाल है कि आधुनिक तकनीक के इस दौर में साइबर ठगी पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है? जालसाजी में फंसकर लोगों के जीवन भर की जमा पूंजी हाथ से निकल जाती है। डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों में तो पीड़ित को मानसिक यातना भी झेलनी पड़ती है।


इस तरह के अपराधों पर लगाम लगाने के प्रयासों के तहत केंद्र सरकार ने गृह मंत्रालय के विशेष सचिव की अगुआई में अंतर-मंत्रालयी समिति बनाई है। साथ ही यह भी कहा है कि डिजिटल अरेस्ट से संबंधित सभी मामलों की जांच अब सीबीआइ करेगी। मगर, सरकार का यह कदम तभी कारगर साबित होगा, जब साइबर धोखेबाजों को किसी वारदात को अंजाम देने से पहले ही रोक दिया जाए।

गौरतलब है कि शीर्ष अदालत ने अपने एक आदेश में डिजिटल अरेस्ट की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा था कि सरकार को इससे निपटने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए। दरअसल, देश में आनलाइन लेन-देन बढ़ने के साथ ही साइगर ठगी के मामलों में भी बढ़ोतरी हुई है। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि आम नागरिक और खासकर बुजुर्ग नई तकनीक और आनलाइन जोखिम से अनजान हैं। जरा सी चूक होने पर लाखों रुपए जालसाजों के हाथ में चले जाते हैं। चिंता की बात यह है कि साइबर धोखाधड़ी के लिए आए दिन नए-नए तरीके अपनाए जा रहे हैं।

ऐसे में जरूरी है कि आम लोगों को डिजिटल साक्षरता के जरिए व्यापक स्तर पर जागरूक किया जाए। मसला सिर्फ इस तरह के मामलों की जांच का नहीं है, बल्कि जरूरत इस बात की है कि अपराध होने से पहले ही उसे रोक दिया जाए। जब तक साइबर अपराधियों की धर-पकड़ के लिए मजबूत तंत्र स्थापित नहीं किया जाएगा, तब तक इस ऐसे मामलों पर पूरी तरह रोक लगा पाना संभव नहीं हो पाएगा।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर वार्ता तेज, डील की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच एक बड़े व्यापार समझौते को लेकर द्विपक्षीय बातचीत फिर शुरू हो गई है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल के अनुसार, ऊंचे टैरिफ की चुनौतियों के बावजूद अमेरिकी बाजार में भारतीय वस्तुओं का निर्यात बढ़ा है। ऐसे में दोनों देश एक सफल डील की कवायद में है। दुनिया में जारी व्यापारिक तनाव के बीच भारत और अमेरिका एक व्यापक व्यापार समझौते की दिशा में अपने प्रयासों को तेज कर रहे हैं। केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा हे कि दोनों देश सक्रिय रूप से व्यापार वार्ता कर रहे हैं और एक सकारात्मक नतीजे की उम्मीद है। सरकार की ओर से यह एलान ऐसे समय पर किया गया है जब भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।




### टैरिफ के निर्यात पर असर के बारे में क्या बोले वाणिज्य सचिव?

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने गुरुवार को साफ किया कि अमेरिका की ओर से लगाए गए ऊंचे टैरिफ के बावजूद, अमेरिका को होने वाले भारतीय निर्यात में सकारात्मक वृद्धि हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह इजाफा भारतीय उत्पादों की वैश्विक प्रतिस्पर्धा और अमेरिकी बाजार में उनकी बढ़ती मांग के बारे में बताता है। वाणिज्य सचिव ने कहा, दोनों पक्ष (व्यापार वार्ता में) लगे हुए हैं... और दोनों पक्षों को लगता है कि एक व्यापार समझौता संभव है।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य व्यापारिक बाधाओं को दूर करना और द्विपक्षीय व्यापार को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए रोडमैप तैयार करना था। यह वार्ता केवल टैरिफ कटौती तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें बाजार पहुंच, सेवाओं का व्यापार और निवेश नियमों के सरलीकरण जैसे महत्वपूर्ण पहलू भी शामिल होने की संभावना है।

**तकनीक और फार्मास्युटिकलः** भारत के आईटी सेवा क्षेत्र और दवा निर्यात को इस समझौते से नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

**नीतिगत स्थिरताः** एक औपचारिक समझौता व्यापारिक नियमों में स्पष्टता लाएगा, जिससे दोनों देशों के निवेशकों के बीच विश्वास बढ़ेगा।

### कितना जरूरी है भारत-अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता?

इस व्यापारिक सौदे की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले महीने ही इस दिशा में उच्च स्तरीय संवाद हुआ है। दिसंबर में केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमिसन ग्रीर के बीच एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई थी।

### अब आगे क्या हो सकता है?

वाणिज्य सचिव के बयान से साफ है कि भारत अब केवल घरेलू बाजार तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि अमेरिकी बाजार में मौजूद चुनौतियों को अवसर में बदलने के लिए तैयार है। हालांकि व्यापार वार्ता से जुड़ी बातचीत के विवरण आने अभी शेष हैं, लेकिन 'दोनों पक्षों की सकारात्मक भावना' एक बड़े आर्थिक गठजोड़ का संकेत है। आने वाले महीनों में होने वाली बैठकों में जो समझौते होंगे वे भविष्य की रुपरेखा तय करेंगे।

# दिसंबर में निर्यात बढ़ा
## आयात उछाल से व्यापार घाटा चौड़ा



**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद दिसंबर 2025 में भारत का निर्यात सालाना आधार पर 1.87% बढ़कर 38.51 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल के अनुसार, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत के निर्यात में सकारात्मक रुझान बना हुआ है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने गुरुवार को बताया कि दिसंबर 2025 में देश का मर्चेंडाइज निर्यात 1.87% बढ़कर 38.5 अरब डॉलर पहुंच गया।

### आयात में हुई बढ़ोतरी से व्यापार घाटा बढ़ा

इसी अवधि में आयात बढ़कर 63.55 अरब डॉलर हो गया, जो दिसंबर 2024 में 58.43 अरब डॉलर था। इसके चलते दिसंबर में व्यापार घाटा 25 अरब डॉलर दर्ज किया गया। अग्रवाल ने कहा कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारत का निर्यात लगातार सकारात्मक वृद्धि दर्ज कर रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वित्त वर्ष 2025-26 में वस्तुओं और सेवाओं का कुल निर्यात 850 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर सकता है।

### कुल निर्यात बढ़कर 330.29 अरब डॉलर पहुंचा

अप्रैल से दिसंबर 2025 के दौरान भारत का कुल निर्यात 2.44% बढ़कर 330.29 अरब डॉलर रहा, जो निर्यात क्षेत्र में मजबूती का संकेत देता है। इस बीच भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता को लेकर अग्रवाल ने कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत जा रही है।

### कुल निर्यात में आई मामूली गिरावट

उद्योग मंत्रालय के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2025 में भारत का कुल निर्यात 74.01 अरब डॉलर रहा, जो दिसंबर 2024 के 74.77 अरब डॉलर से मामूली रूप से कम है।

# चीन की चुनौती के बीच जापान-फिलीपींस रक्षा समझौता

**नई दिल्ली।** जापान और फिलीपींस ने 'एक्विजिशन एंड क्रॉस-सर्विसिंग एग्रीमेंट' (एसीएसए) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह रणनीतिक रक्षा समझौता इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच दोनों देशों के बीच सैन्य रसद और सुरक्षा सहयोग को एक नया आयाम प्रदान करेगा।

जापान और फिलीपींस ने क्षेत्रीय सुरक्षा और भू-राजनीतिक स्थिरता की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। दोनों देशों ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण रक्षा रसद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह संधि ऐसे समय में हुई है जब दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर में बीजिंग की सैन्य गतिविधियों ने एशियाई देशों और उनके सहयोगियों की चिंता बढ़ा दी है।



### रसद आपूर्ति में कैसे मददगार होगा समझौता?

मनीला में आयोजित एक आधिकारिक समारोह के दौरान जापानी विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी और फिलीपींस की विदेश सचिव थेरेसा लाजारो ने इस समझौते पर मुहर लगाई। इस नए रक्षा समझौते के तहत, दोनों देशों की सेनाएं संयुक्त प्रशिक्षण के दौरान गोला-बारूद, ईंधन, भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कर-मुक्त आपूर्ति कर सकेंगी। यह समझौता न केवल सैन्य क्षमताओं को बढ़ाएगा, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के प्रति तैयारी और संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में दोनों देशों की भागीदारी को भी सुगम बनाएगा। हालांकि, इस लॉजिस्टिक समझौते को प्रभावी होने से पहले जापानी सांसदों की सहमति जरूरी है।

### चीन से बढ़ते तनाव को कम करने में कैसे मदद मिलेगी?

यह समझौता सीधे तौर पर चीन की क्षेत्रीय विस्तारवादी नीतियों के जवाब के रूप में देखा जा रहा है। जापान और फिलीपींस, दोनों ही बीजिंग के साथ अलग-अलग क्षेत्रीय विवादों में उलझे हुए हैं। जहां फिलीपींस दक्षिण चीन सागर में चीनी तटरक्षक जहाजों की बढ़ती शत्रुता का सामना कर रहा है, वहीं जापान पूर्वी चीन सागर में अपने दावों वाले द्वीपों के आसपास चीनी घुसपैठ से जूझ रहा है।

# भारत में चीनी कंपनियों के निर्माण प्रवेश पर सरकार मंथन



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार चीनी कंपनियों को भारतीय बाजार में सीधे निर्माण की अनुमति देने पर गंभीरता से विचार कर रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस रणनीतिक कदम से देश में पूंजी निवेश, रोजगार के नए अवसरों का सृजन और टैक्स राजस्व में वृद्धि हो सकती है, हालांकि घरेलू एमएसएमई सेक्टर और 'वोकल फॉर लोकल' अभियान पर इसके संभावित प्रभाव को लेकर बहस भी जारी है। केंद्र सरकार चीनी कंपनियों को भारतीय बाजार में सीधे निर्माण करने की अनुमति देने पर गंभीरता से विचार कर रही है। यदि ऐसा होता है तो अब चीन की हजारों कंपनियां देश के विभिन्न क्षेत्रों में निर्माण करती हुई दिखाई दे सकती हैं। लेकिन इसी के साथ यह प्रश्न पूछा जाने लगा है कि क्या इससे भारतीय कंपनियों को नुकसान नहीं होगा? भारी पूंजी और सस्ते श्रम की बदौलत चीनी कंपनियों ने भारतीय कंपनियों के सामने तगड़ी चुनौती पेश की है। कई क्षेत्रों में भारतीय कंपनियां पूरी तरह चीनी कंपनियों के उत्पादों पर निर्भर हो गई हैं। ऐसे में क्या चीनी कंपनियों के भारतीय बाजार में सीधे आ जाने से भारत का एमएसएमई सेक्टर बुरी तरह प्रभावित नहीं होगा?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं 'वोकल फॉर लोकल' की बात करते रहे हैं। उनकी अपील होती है कि लोग उन उत्पादों का उपयोग करें जो भारतीय कंपनियों के द्वारा भारत में निर्मित की गई हैं। इससे भारतीय कंपनियों को विदेशी कंपनियों के सामने मजबूती मिलेगी। लेकिन अब चीनी कंपनियों के सीधे भारतीय बाजारों में आने से देश की छोटी कंपनियों पर क्या असर पड़ेगा?

आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि चीनी कंपनियों को भारतीय बाजार में सीधे प्रवेश देना कोई गलत निर्णय नहीं है। यह बहुत समझदारी भरा निर्णय है। इससे भारत में पूंजी निवेश होगा, नई नौकरियों का सृजन होगा और इन कंपनियों के द्वारा भारत से निर्यात किए जाने पर केंद्र सरकार को टैक्स के रूप में आय भी हासिल होगी।

### रणनीतिक क्षेत्रों में निवेश की अनुमति मिलने की संभावना नहीं

चीन को भारत में कितनी अनुमति मिलेगी, अभी यह पूरी तरह से साफ होना शेष है, लेकिन यह स्पष्ट है कि रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण सेक्टर में चीनी कंपनियों को निर्माण करने की अनुमति नहीं मिलेगी। लेकिन भारत उन सभी क्षेत्रों में चीन को निवेश-निर्माण की अनुमति दे सकता है, जिसमें भारत पिछड़ा हुआ है और इन क्षेत्रों में बड़े निवेश की आवश्यकता है।

### इन क्षेत्रों में निवेश होगा फायदेमंद

चीन खिलौने बनाने से लेकर मूर्तियां, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, मशीनों के निर्माण, सौर ऊर्जा उपकरणों को बनाने के क्षेत्र में बड़ी वैश्विक शक्ति बन चुका है, वह वाहन निर्माण के क्षेत्र में भी तेजी से दखल बढ़ा रहा है। कृषि के प्रसंस्कृत उत्पादों के निर्माण और सस्ते निर्माण की सामग्रियों को बनाने में भी चीन बड़ी ताकत है। भारत की अपनी घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी आने वाले समय में इन सेक्टरों को मजबूत करने की आवश्यकता है। ऐसे में यदि चीन से इन क्षेत्रों में निवेश हासिल होता है तो यह भारत के लिए लाभ का सौदा साबित हो सकता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अगर हम प्रकाश की गति से अपनी नजदीकी गैलैक्सी पर जाना चाहे तो हमें 20 साल लगेगें।
- अगर धरती का आकार एक मटर जितना कर दें तो बृहस्पति इससे 300 मीटर दूर होगा और प्लुटो 2.5 किलोमीटर। मगर प्लुटो आपको दिखेगा नही क्योंकि तब इसका आकार एक बैक्टीरिया जितना होगा।
- विश्व के विद्युत उत्पादन का एक तिहाई सिर्फ बल्बों के द्वारा प्रकाश पाने में खर्च होता है।
- अभी तक उल्का पिंड द्वारा सिर्फ एक ही बनावटी उपग्रह नष्ट किया गया है।
- जिराफ 24 घंटों में सिर्फ 20 मिनट ही सोते है। वे 2 घंटे तक भी सो सकते है पर ऐसा बहोत कम देखने को मिलता है।
- एक ब्लड सेल को शरीर का चक्कर लगाने में 60 सेकंड लगते है।
- घाव को तंग करने वाले कीड़े घाव को जल्दी भरते है और गैंग्रीन और दुसरे इन्फेक्शन को फैलने से रोकते है।
- हाथ मिलाने से जितने कीटाणु / जीवाणु नही फैलते उस से ज्यादा किस करने से फैलते है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

पप्पू : कल ज्यादा सोच लिया था!

पत्नी : सुनो जी, मैं कुछ बोलूँ?
पति : बोलो।
पत्नी : रहने दो।
पति : यही तो सबसे डरावना डायलॉग होता है!

---

दोस्त : भाई, तू इतना बिजी कैसे रहता है?
गोलू : काम में नहीं, टालने में!
दोस्त : मतलब?
गोलू : आज का काम कल पर डालने में!

---

मरीज : डॉक्टर साहब, मुझे सुबह उठने में दिक्कत होती है।
डॉक्टर : अलार्म लगाते हो?
मरीज : हाँ।
डॉक्टर : तो फिर समस्या अलार्म की नहीं, आपकी दोस्ती नींद से है!

## 16 01 2026 करंट क्राइम
## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं — आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन




सिद्धार्थ मल्होत्रा
अभिनेता

अदनान सैफी, सीमा गुप्ता, आशा वर्मा, जितेंद्र त्रिवेदी, मनोज गोयल, शिवम शर्मा, हितेश गर्ग, कमल शर्मा, विक्रांत तंवर, अखिलेश कुमार, सुंदर सिंह भाटी, अनिल बक्शी, रनजीत सिंह, ललित सिंह, सुनील दत्त, अंकित कौशिक, गगनदीप सिंह, संजय कंसल, अंकित कौशिक, अखिलेश दीक्षित, मनीश पांड़े, अर्जुन

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# 50 करोड़ टिकट्स की डिमांड! लेकिन क्या फीफा विश्व कप पर बढ़ रही है सुरक्षा को लेकर चिंता



**न्यूयॉर्क।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए टिकट रिक्वेस्ट 500 मिलियन पार कर गई हैं, जो वैश्विक उत्साह को दशार्ती हैं। लेकिन महंगे टिकट, सुरक्षा चिंताओं और अमेरिकी राजनीतिक अस्थिरता ने फैंस में बेचैनी पैदा कर दी है। हजारों फैंस टिकट प्रोसेस से बाहर हुए हैं और फीफा अब सुरक्षा व प्रतिष्ठा को लेकर इमरजेंसी प्लानिंग कर रहा है।

फीफा वर्ल्ड कप 2026 को लेकर दुनियाभर में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। फीफा के मुताबिक, सिर्फ एक महीने में 500 मिलियन (50 करोड़) से ज्यादा टिकट रिक्वेस्ट दर्ज की गईं। यह संख्या खुद में रिकॉर्ड है और बताती है कि दुनिया आज भी वर्ल्ड कप को लेकर कितनी दीवानी है।

फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैनटिनो ने कहा, 'महज एक महीने में पांच लाख टिकटों के लिए अनुरोध आना सिर्फ मांग से कहीं अधिक है - यह एक वैश्विक संदेश है। हमारी एक ही खेद है कि हम हर फैन को स्टेडियम में जगह नहीं दे सकते।' टिकट रिक्वेस्ट फीफा के सभी 211 सदस्य देशों से आईं। मेजबान देशों (यूएसए, कनाडा, मेक्सिको) को छोड़कर सबसे ज्यादा डिमांड जर्मनी, इंग्लैंड, ब्राजील, स्पेन, पुर्तगाल, अर्जेंटीना और कोलंबिया से रही।

उत्साह के बीच टिकट दरों ने विवाद भी खड़ा किया। कई यूरोपीय फैन ग्रुप्स ने शिकायत की कि कीमतें बेहद ज्यादा हैं। फुटबॉल सपोर्टर्स यूरोप के मुताबिक टिकट कतर 2022 की तुलना में लगभग पांच गुना महंगे हैं।

आलोचनाओं के बाद फीफा ने दिसंबर में 60 डॉलर की एक नई लो-कॉस्ट कैटेगरी शुरू की।

उत्साह के साथ चिंता की एक परत भी जुड़ रही है। अमेरिकी शहरों में राजनीतिक तनाव, गोलीबारी की घटनाएं और कानून-व्यवस्था को लेकर आशंकाएं फैंस को हतोत्साहित कर रही हैं। रोया न्यूज के मुताबिक, 16,800 फैंस ने टिकट प्रोसेस से खुद को रातोंरात बाहर कर लिया, जिनमें से कई ने सोशल मीडिया पर बॉयकॉट कैंपेन को समर्थन दिया।

कई विदेशी समर्थकों ने सुरक्षा, पुलिसिंग और संभावित अशांति की चिंताओं का हवाला दिया। मिनियापोलिस में आईसीई संबंधी गोलीबारी घटना के बाद फैंस के बीच डर और बढ़ गया।

# तबाही मचा सकते हैं ये 5 भारतीय खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-19 टीम में इस बार आक्रमण, स्थिरता, अनुभव और विविधता का शानदार मिश्रण है। वैभव और कुंडू जैसे बल्लेबाज जहां बड़े स्कोर बना सकते हैं, वहीं दीपेश और चौहान जैसे खिलाड़ी गेंदबाजी से मैच पलटने की क्षमता रखते हैं। यही वजह है कि भारत इस विश्व कप में फिर से खिताब का सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा है। 2026 अंडर-19 विश्व कप में भारतीय स्क्वॉड: आयुष म्हात्रे (कप्तान), आरएस अम्ब्रिश, कनिष्क चौहान, डी. दीपेश, मोहम्मद एनाान, एरॉन जॉर्ज, अभिग्यान कुंडू, किशन कुमार सिंह, विहान मल्होत्रा, उद्धव मोहन, हेनिल पटेल, खिलान ए. पटेल, हवंश सिंह, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी।

## 1. वैभव सूर्यवंशी: टीम का रन-मशीन



वैभव सूर्यवंशी पिछले दो साल से लगातार रन बना रहे हैं और उनकी स्थिरता उन्हें टीम का सबसे बड़ा एक्स-फैक्टर बनाती है। 2024-2026 के बीच खेले गए 18 मैचों में उन्होंने 973 रन ठोके हैं, जिसमें 171 रन की पारी भी शामिल है। उनका बल्लेबाजी औसत 54.05 है, जो बताता है कि वे सिर्फ रन नहीं बनाते बल्कि टीम को जीत की तरफ धकेलते हैं। तेजी से रन बनाने की क्षमता उन्हें बड़े मैचों में और खतरनाक बना देती है।

**वैभव के बल्लेबाजी आंकड़े**

| मैच | पारी | रन | सर्वश्रेष्ठ | औसत | शतक | अर्धशतक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | 18 | 973 | 171 | 54.05 | 3 | 4 |

## 2. अभिज्ञान कुंडू: मिडिल ऑर्डर का भरोसा



अभिज्ञान कुंडू का औसत 54.88 है जो किसी भी स्तर पर शानदार माना जाता है। 15 मैचों में उन्होंने 494 रन बनाए है और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 87* है। वे परिस्थिति के हिसाब से खेलना जानते हैं, चाहे टीम पर दबाव हो या फिर तेजी से रन बनाने हों। यही वजह है कि टीम मैनेजमेंट उन्हें परिस्थिति के हिसाब से खेलने वाला खिलाड़ी मानता है।

**कुंडू के बल्लेबाजी आंकड़े**

| मैच | पारी | रन | सर्वश्रेष्ठ | औसत | अर्धशतक |
|---|---|---|---|---|---|
| 15 | 14 | 494 | 87* | 54.88 | 3 |

## 3. आयुष म्हात्रे: कभी भी गीयर बदल सकते हैं



टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे को एक ऐसे बल्लेबाज के रूप में देखा जा रहा है जो बिना किसी डर के, लेकिन पूरी कंट्रोल के साथ खेलते हैं। उन्हें आर्किटेक्ट कहा जाता है क्योंकि वे जानते हैं कि कब जोखिम लेना है, कब स्ट्राइक रोटेट करनी है और कब साथी खिलाड़ियों को शांत रखना है। वो शुरूआत को बड़े स्कोर में बदलकर मैच को अपने हिसाब से सेट करने की क्षमता रखते हैं। आयुष और वैभव की ओपनिंग जोड़ी पर काफी कुछ निर्भर होगा।

**म्हात्रे के बल्लेबाजी आंकड़े**

| मैच | पारी | रन | सर्वश्रेष्ठ | औसत |
|---|---|---|---|---|
| 14 | 14 | 143 | 38 | 10.21 |

## 4. कनिष्क चौहान: दोहरी भूमिका में माहिर



भारत के उभरते ऑलराउंडर कनिष्क चौहान टीम के लिए एक महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। 2025-26 में उन्होंने 258 रन बनाए हैं और 15 विकेट भी चटकाए हैं। उनकी गेंदबाजी इकोनॉमी 4.51 रही है जो बेहद मूल्यवान है। गेंद और बल्ले दोनों से योगदान उन्हें मैच-बैलेंस करने वाला खिलाड़ी बनाता है। कनिष्क पर काफी दारोमदार होगा।

**कनिष्क चौहान के बल्लेबाजी आंकड़े**

| मैच | पारी | रन | सर्वश्रेष्ठ | औसत | शतक | अर्धशतक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | 11 | 258 | 46 | 25.80 | 0 | 0 |

**कनिष्क चौहान के गेंदबाजी आंकड़े**

| मैच | मेडन | विकेट | सर्वश्रेष्ठ | इकोनॉमी | स्ट्राइक रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| 15 | 5 | 22 | 3/20 | 4.51 | 32.0 |

## 5. डी. दीपेश: पावरप्ले का स्पेशलिस्ट



डी. दीपेश शुरूआती ओवरों में गेंद स्विंग कराने में माहिर हैं। पिछले दो साल में उन्होंने 10 मैचों में 15 विकेट लिए हैं। 16 रन देकर तीन विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ बॉलिंग स्पेल रही है। हाल ही में अंडर-19 एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने तीन विकेट लेकर कहर बरपाया था। उनका 27.86 का औसत और जल्दी विकेट निकालने की कला उन्हें विरोधी बल्लेबाजों के लिए खतरा बनाती है।

**डी दीपेश के गेंदबाजी आंकड़े**

| मैच | मेडन | विकेट | सर्वश्रेष्ठ | इकोनॉमी | स्ट्राइक रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 4 | 15 | 3/16 | 6.14 | 27.2 |

# श्रेयस अय्यर की नकल उतारते दिखे विराट कोहली, पीछे चल रहे रोहित भी हंस पड़े



**राजकोट।** मैच भले ही रन और विकेट से तय होते हों, लेकिन ऐसे छोटे-छोटे मजेदार पल क्रिकेट को और भी खूबसूरत बना देते हैं। विराट कोहली द्वारा श्रेयस अय्यर की चाल की नकल और रोहित का हंसना, दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए काफी था। यही क्रिकेट की खूबसूरती है!

भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज अब रोमांचक दौर में पहुंच चुकी है। पहला वनडे जीतने के बाद दूसरे मुकाबले में टीम इंडिया को हार झेलनी पड़ी। अब तीसरा और निर्णायक मैच 18 जनवरी को इंदौर में खेले जाएगा। हालांकि, पिछले मुकाबले से एक मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली श्रेयस अय्यर की चाल की नकल उतारते नजर आते हैं, और पीछे चल रहे कप्तान रोहित शर्मा भी खुद को हंसी रोक नहीं पाते हैं।

जब दोनों टीमें मैच से पहले नेशनल एंथम के लिए मैदान में जा रही थीं, आगे भारत की लाइन में शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर चल रहे थे। उनके पीछे विराट कोहली थे।

इसी दौरान विराट ने श्रेयस की तरह ही कंधे उचकाते हुए और उसी अंदाज में चलते हुए उनकी चाल की मिमिक्री शुरू कर दी।

कुछ सेकंड बाद रोहित शर्मा ने विराट को इशारे से टोका, जिसके बाद विराट ने रोहित को समझाते हुए बताया कि 'श्रेयस ऐसे ही चलता है' और फिर कोहली ने मिमिक्री जारी रखी। इस पर रोहित हंस पड़े।

**सोशल मीडिया पर फैंस के मजेदार रिएक्शन**

यह वीडियो फैन पेजों ने सोशल मीडिया पर शेयर किया और देखते ही देखते यह वायरल हो गया। फैंस ने भी कोहली की अदाओं पर मजेदार कमेंट्स की बौछार कर दी।

एक फैन ने लिखा- सरपंच साहब का स्वैग। वहीं, दूसरे ने कमेंट किया- विराट भाई नहीं सुधरने वाले।

एक और यूजर ने लिखा- विराट भाई को मैच के मिमिक्री क्लास खोलनी चाहिए।

तो वहीं एक फैन ने लिखा- कुछ दिन पहले की बात थी, तब रोहित भाई आगे चलते थे। वहीं, एक और यूजर ने लिखा- कोहली ने साबित किया कि वह ऑलराउंडर हैं। वहीं, एक फैन ने इस वीडियो को क्यूट बताया। सोशल मीडिया पर वीडियो को लाखों व्यूज मिल चुके हैं और फैंस इसे काफी पसंद कर रहे हैं।

# इंग्लैंड के रशीद-रेहान को अब तक भारत का वीजा नहीं



**लंदन।** इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद और रेहान अहमद को भारत से वीजा अभी तक नहीं मिला है, जिससे उनकी श्रीलंका सीरीज और टी20 वर्ल्ड कप तैयारियों पर असर पड़ा है। ईसीबी ने मदद के लिए यूके सरकार से संपर्क किया है। दूसरी ओर, बांग्लादेश ने भी भारत में वर्ल्ड कप मैचों पर आपत्ति जताई हुई है, जिससे स्थिति और जटिल हो गई है।

लंदन से आई एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत सरकार ने अभी तक इंग्लैंड के स्पिनरों आदिल रशीद और रेहान अहमद के वीजा जारी नहीं किए हैं, जिससे इंग्लैंड की टी20 वर्ल्ड कप तैयारियों पर असर पड़ा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दोनों खिलाड़ी बाकी स्क्वॉड के साथ इस सप्ताहांत श्रीलंका के दौरे पर नहीं जा पाएंगे।

**ईसीबी की प्रतिक्रिया और आश्वासन:** इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को आश्वासन दिया गया है कि वीजा आवेदन पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन जारी होने के समय पर स्पष्टता नहीं है।

ईसीबी ने इस प्रक्रिया को तेज करने के लिए यूके सरकार से भी मदद मांगी है।

रिपोर्ट में कहा गया कि बोर्ड को विश्वास है कि मसला हल हो जाएगा, लेकिन समय फिक्स नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक ईसीबी को कहा गया, 'आवेदनों पर कोई आपत्ति नहीं है, और हम प्रक्रिया को तेज करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।' वीजा क्लीयरेंस में देरी के चलते इंग्लैंड के पास अभी सिर्फ लियम डॉसन एकमात्र स्पेशलिस्ट स्पिनर हैं। ऐसे में विल जैक्स और जैकब बेथेल को भी उम्मीद से ज्यादा ओवर फेंकने पड़ सकते हैं।

**श्रीलंका टूर और वर्ल्ड कप शेड्यूल**

इंग्लैंड 22 जनवरी से कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ पहला वनडे खेलेगा। टी20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड की शुरूआत आठ फरवरी को मुंबई में नेपाल के खिलाफ है। अब यह देखना होगा कि वीजा क्लीयरेंस समय पर होता है या नहीं। इसी बीच, वर्ल्ड कप के दौरान इंग्लैंड बनाम बांग्लादेश मैच कोलकाता में होना है, लेकिन बांग्लादेश ने भारत आने से इनकार करते हुए निष्पक्ष स्थल की मांग की है।

# पाकिस्तानियों ने ही उड़ाया मजाक; अहमद शहजाद को सचिन-सहवाग से बेहतर बताया था



**लाहौर।** साहिबजादा फरहान के वायरल वीडियो में अहमद शहजाद को सचिन-सहवाग से ऊपर बताने पर पाकिस्तान में हंसी-ठिठोली शुरू हो गई। पूर्व क्रिकेटर बासित अली और कामरान अकमल ने वीडियो पर मजाक किया और माफी तक मांग दी। फरहान फिलहाल पाकिस्तान के टी20 फॉर्मेट में स्थापित ओपनर हैं और टी20 वर्ल्ड कप के लिए प्रोविजनल टीम में चुने गए हैं।

पाकिस्तान के T-20 ओपनर साहिबजादा फरहान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में वह अहमद शहजाद को सईद अनवर, वीरेंद्र सहवाग, रोहित शर्मा और सचिन तेंदुलकर जैसे दिग्गजों से बेहतर बताते नजर आए। इस चॉइस पर पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों और फैंस ने साहिबजादा का जमकर मजाक उड़ाया है।

वीडियो पर बात करते हुए पूर्व क्रिकेटर बासित अली एक शो के दौरान हैरान रह गए और कहा कि ऐसा हो ही नहीं सकता। उन्होंने कहा, 'यह फेक है, सौ फीसदी फेक। साहिबजादा फरहान अभी पागल नहीं हुआ कि वह अहमद शहजाद को सचिन तेंदुलकर से ऊपर रखे। मैं हाथ जोड़कर कहता हूं, यह टॉपिक बंद कर दो।'

बासित अली ने आगे मजाकिया अंदाज में यह भी कहा, 'मैं वादा करता हूं, जब भी साहिबजादा से मिलूंगा, तो पूछूंगा कि इस वीडियो के दिन होश में थे या नहीं?'

**कामरान अकमल की हंसी नहीं रुकी:** पूर्व विकेटकीपर कामरान अकमल यह वीडियो पहले ही देख चुके थे और हंसी रोक नहीं पा रहे थे। उन्होंने कहा, 'वह क्रिकेटर है, सोचकर जवाब देना चाहिए। उसने अपना आइडल बताया, लेकिन सईद अनवर और सचिन तेंदुलकर से ऊपर अहमद शहजाद को बताना सही नहीं है।'

कामरान ने कहा, 'अगर वह ऐसा सोचता है तो ठीक है, लेकिन जवाब बेहतर तरीके से देना चाहिए।' बात के अंत में कामरान ने कहा, 'हम साहिबजादा की गलती पर माफी मांगते हैं।'

**फरहान का रिकॉर्ड और विश्व कप की चर्चा:** विवाद के बीच यह भी तथ्य प्रमुख है कि साहिबजादा फरहान पाकिस्तान टी20 टीम में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं।

उन्होंने पाकिस्तान के लिए अब तक 37 टी20 खेले हैं, जिसमें उन्होंने 917 रन बनाए हैं। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने आठ अर्धशतक जड़े हैं और औसत 25+ का है।

**स्क्वॉड जमा और आईसीसी की प्रक्रिया:** आईसीसी ने एक जनवरी तक प्रोविजनल स्क्वॉड जमा करने की समयसीमा तय की थी और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने समय पर अपनी टीम भेज दी।

# बांग्लादेश में भूचाल: BPL मैच का क्यों हुआ बहिष्कार



**- क्रिकेट बोर्ड ने अपने निदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी किया**

**ढाका।** बांग्लादेश प्रीमियर लीग संकट में है क्योंकि खिलाड़ियों ने अपमानजनक टिप्पणियों के खिलाफ इउइ निदेशक नजमुल इस्लाम के इस्तीफे की मांग करते हुए बहिष्कार की धमकी दी। इउइ ने नजमुल को कारण बताओ नोटिस भेजा है, जबकि खिलाड़ियों का रुख सख्त बना हुआ है। पूरा मामला बांग्लादेश के भारत में टी20 विश्व कप खेलने को लेकर सुरक्षा विवाद से जुड़ा है।

बांग्लादेश क्रिकेट इन दिनों बड़ी उथल-पुथल से गुजर रहा है। घरेलू टी20 लीग बांग्लादेश प्रीमियर लीग (इढछ) के दौरान खिलाड़ियों ने अप्रत्याशित रूप से बहिष्कार की धमकी दे दी, जिसके बाद लीग में अफरा-तफरी मच गई। इस विवाद का केंद्र बने हैं बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के निदेशक एम नजमुल इस्लाम, जिनकी खिलाड़ियों के खिलाफ टिप्पणी बेहद विवादास्पद बताई जा रही है। खिलाड़ियों का आरोप है कि नजमुल ने खिलाड़ियों के योगदान और पारिश्रमिक को लेकर अपमानजनक बयान दिए, जिसके बाद स्थिति विस्फोटक रूप ले गई।

**नजमुल इस्लाम की विवादित टिप्पणी:** यह विवाद तब भड़का जब नजमुल ने अगले महीने भारत में होने वाले टी20 विश्व कप 2026 को लेकर बांग्लादेश की यात्रा पर सवाल उठाए।

उन्होंने देश के संभावित वापस हटने की स्थिति में खिलाड़ियों के पारिश्रमिक संबंधित चिंताओं को खारिज करते हुए कहा, 'खिलाड़ियों को मुआवजा नहीं दिया जाएगा क्योंकि उन्होंने अब तक अपने समर्थन को सही नहीं ठहराया है।'

इस बयान ने खिलाड़ियों और क्रिकेट समुदाय को भड़का दिया। विशेषकर तब जब उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश ने अभी तक कोई आईसीसी इवेंट नहीं जीता है, इसलिए खिलाड़ियों का कोई दावा नहीं बनता।

यह सब उस समय हुआ जबकि बांग्लादेश सुरक्षा चिंताओं के कारण भारत जाने से इनकार कर रहा था, खासकर तब जब बीसीसीआई के निर्देश पर मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर कर दिया गया।

**टॉस में देरी और खिलाड़ियों का बहिष्कार:** विवाद का असर तुरंत दिखाई दिया। नोआखली एक्सप्रेस ५२ चटगांव रॉयल्स के मैच में टॉस तक नहीं हो सका क्योंकि कोई भी टीम मैदान पर नहीं पहुंची। खिलाड़ियों ने साफ कहा कि जब तक नजमुल इस्तीफा नहीं देते, वे सभी तरह के क्रिकेट का बहिष्कार करेंगे। यह स्थिति बीपीएल को ठप करने के लिए काफी थी, जिसे बांग्लादेश की सबसे बड़ी टी20 लीग माना जाता है।

**बीसीबी की प्रतिक्रिया: कारण बताओ नोटिस और अपील:** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रेस विज्ञप्ति जारी की और कहा, 'बीसीबी के एक सदस्य द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों पर खेद व्यक्त करता है और क्रिकेटरों के प्रति सम्मान व पेशेवर मूल्यों की पुनः पुष्टि करता है।'

इसके साथ ही बीसीबी ने नजमुल को कारण बताओ नोटिस जारी किया और 48 घंटे में लिखित जवाब मांगा। बीसीबी ने खिलाड़ियों को भी संदेश देते हुए कहा कि वे क्रिकेट का बहिष्कार न करें और पेशेवर व्यवहार दिखाते रहें। खिलाड़ियों की नाराजगी सिर्फ बयानों तक सीमित नहीं है।

# बुमराह को ट्रेनिंग के लिए मिला नया पार्टनर, तैयारी में जुटे



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज की तैयारियों में जुट गए हैं। इससे पहले उन्हें ट्रेनिंग में नया पार्टनर मिला जिसकी जानकारी उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो जारी कर दी।

भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टी20 विश्व कप की तैयारियों में जुट गए हैं। बुमराह न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन वह 21 जनवरी से शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 सीरीज से मैदान पर वापसी करेंगे। बुमराह ने टी20 सीरीज से पहले नेट्स पर अभ्यास शुरू कर दिया है। बुमराह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह अपने बेटे अंगद के साथ अभ्यास कर रहे हैं।

## न्यूजीलैंड सीरीज से तैयारियों को परखेंगे बुमराह

बुमराह को व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से आराम दिया गया था। लेकिन वह टी20 टीम का हिस्सा हैं। अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए भारत के लिए न्यूजीलैंड सीरीज काफी अहम है। बुमराह भारत के अहम खिलाड़ी हैं और कीवी टीम के खिलाफ सीरीज से विश्व कप की तैयारियों को परखेंगे।

## बुमराह बोले- नए साथी ने किया प्रेरित

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि बुमराह फुल मोड में गेंदबाजी अभ्यास कर रहे हैं। इसके दौरान उनके साथ बेटे अंगद भी मौजूद हैं। बुमराह ने अपने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'ट्रेनिंग में नए साथी ने मुझे प्रेरित किया।' वीडियो में दिख रहा है कि किस तरह जब बुमराह गेंदबाजी अभ्यास कर रहे हैं तो अंगद उनके आसपास घूम रहे हैं। सोशल मीडिया पर इस वीडियो को काफी शेयर किया जा रहा है और यूजर्स इसे काफी पसंद कर रहे हैं।

## सीरीज से पहले चोट की समस्या से जूझ रहा भारत

न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले भारतीय टीम खिलाड़ियों की चोट की समस्या से जूझ रही है। तिलक वर्मा पहले ही चोट के कारण शुरूआती तीन मैचों से बाहर हो चुके हैं और अब ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर भी वनडे के बाद टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। तिलक और वाशिंगटन दोनों टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा हैं और यह देखना होगा कि दोनों खिलाड़ी इस वैश्विक टूनार्मेंट से पहले फिट हो पाते हैं या नहीं।

# भारत बनाम अमेरिका या...भारत बनाम भारत

# यूएसए में भारतीय मूल के 11 खिलाड़ी



**बुलवायो।** अंडर-19 विश्व कप में भारत और अमेरिका के मैच से ज्यादा चर्चा सोशल मीडिया पर इस बात की हुई कि यूएसए की प्लेइंग-11 में सभी भारतीय मूल के खिलाड़ी शामिल थे। इस वजह से फैंस ने मैच को मजाक में भारत बनाम भारत कहा और कई मजेदार कमेंट वायरल हुए।

अंडर-19 विश्व कप 2026 के ओपनिंग मैच में भारत और अमेरिका आमने-सामने थे, लेकिन सोशल मीडिया पर मैच से ज्यादा चर्चा इस बात की हुई कि अमेरिका की टीम में भारतीय मूल के खिलाड़ी भरे पड़े हैं। एक क्रिकेट फैन ने तो ट्वीट में लिखा- भाई इसको यूएसए टीम क्यों बोल रहे? इसे इंडिया-2 टीम बोलना चाहिए न? यह कमेंट वायरल हो रहा है और लोग मजेदार प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

**यूएसए की प्लेइंग-11 में भारतीय मूल के 11 नाम!**

अमेरिकी टीम की प्लेइंग-11 में उत्कर्ष श्रीवास्तव, साहिल गर्ग, अर्जुन महेश, अमोघ अरेपल्ली, अदनित झाम्ब, नीतीश सूदिनी, आदित काप्पा, अमरिंदर गिल, सबरीश प्रसाद, रित्विक अप्पिडी और ऋषभ शिम्पी जैसे नाम शामिल थे, जो सभी भारतीय मूल के नजर आते हैं।

**सोशल मीडिया पर क्यों हुआ इतना हलचल**


बहुत से लोगों ने स्कोर देखकर भी लिखा, 'खेल भले यूएसए के लिए रहे हों, पर बल्ले भारतीय डीएनए से चल रहे हैं।' ऐसा पहली बार नहीं कि अमेरिकी जूनियर टीम में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के खिलाड़ी दिखे हों।

अमेरिका में भारतीय प्रवासियों की दूसरी और तीसरी पीढ़ी बढ़ रही है और क्रिकेट भी लोकप्रिय हो रहा है, ऐसे में इस तरह की तस्वीरें भविष्य में और भी देखने को मिल सकती हैं। अमेरिका की सीनियर क्रिकेट टीम में भी भारतीय मूल के कई खिलाड़ी हैं।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

**भारत:** आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा (उप-कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह पंगालिया, आरएस अम्ब्रिश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, हेनिल पटेल, डी. दीपेश।

**अमेरिका:** उत्कर्ष श्रीवास्तव (कप्तान), अदनित झाम्ब, नीतीश सूदिनी, अर्जुन महेश, अमरिंदर गिल, सबरीश प्रसाद, आदित काप्पा, साहिल गर्ग, अमोघ रेड्डी अरेपल्ली, रित्विक अप्पिडी, ऋषभ शिम्पी।




# अनिल अग्रवाल सांवरिया के प्रतिष्ठान पर हुई खिचड़ी वितरण की सेवा











गाजियाबाद (करंट क्राइम)। धर्मयात्रा महासंघ के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल सांवरिया के चौधरी मोड़ स्थित प्रतिष्ठान सांवरिया पर खिचड़ी वितरण सेवा की गई। धर्मयात्रा महासंघ के स्थापना दिवस पर सांवरिया शोरूम पर खिचड़ी वितरण समारोह हुआ। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोग पहुंचे और सभी ने खिचड़ी वितरण के साथ-साथ सहभोज भी किया। कार्यक्रम के आयोजक भाजपा नेता और धर्म यात्रा महासंघ के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल सांवरिया ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर अनिल अग्रवाल सांवरिया ने कहा कि हमारी संस्कृति हमेशा से सेवा और परोपकार की रही है। हमें अपनी संस्कृति का संवाहक बनकर काम करना है।




## विकास वाले महकमें में खो गई कौन से विहार के जमीन की फाईल

विकास वाला महकमा वैसे तो फाईलों के मामले में कुख्यात ही रहा है। यहां तो ऐसे बाबू हैं जिन पर काबू पाने के लिए मशीनरी को पसीना आ गया। किसी बाबू ने मुख्यमंत्री प्लाट ही बेच खाया तो किसी बाबू का रिटायरमेंट भी जेल में मना। सुना है विकास वाले महकमें में जमीन की फाईल खो गई। अब फाईल बाबू के पटल से गायब हुई है और कोर्ट का कन्टेम्पट वाला नोटिस मेरठ के बड़े वाले साहब के नाम आ गया। मकर सक्रांति वाले दिन विकास वाले महकमें में फाईल को ढूंढा जाता रहा। अब फाईल 50 साल पुरानी है और पता नहीं कहां गुम हो गई है। साहब इस तनाव में है कि अगर जज साहब ने मुझे काल किया तो मैं तुम्हें काल कर लूंगा। बहरहाल फाईल मिल नहीं रही है और सूत्र बता रहे हैं कि फाईल इतनी आसानी से मिलेगी भी नहीं प्रताप विहार वाली।

## महिला डॉक्टर ने बांध दिया कौन से भगवा नेता का बढ़िया ईलाज

डॉक्टर का काम ही ईलाज करना होता है। मगर जब कोई बात लाईलाज हो जाये तो फिर उसका ईलाज भी ढूंढा जाता है। दरअसल किस्सा एक महिला डॉक्टर और भगवा नेता से जुड़ा है। किस्से में खास बात ये है कि यहां भगवा नेता का ईलाज बंधवाने में दूसरे भगवा नेता ने कोई कसर नहीं छोड़ी। दोनों ही भगवा नेता मंडल लेवल के नेता हैं। इनमें से एक मंडलीय नेता कई दिनों से महिला डॉक्टर के यहां चक्कर लगा रहा था। पहले तो महिला डॉक्टर इन्टेंशन नहीं समझी और बाद में उसे टेंशन हो गई। उसने बात मंडल के दूसरे पदाधिकारी को बता दी। बताते हैं कि फिर बाद में फैमिली का इंटरफेयर हुआ। इसके बाद पूरा मामला बिना बैटल हुए ही सैटल हो गया और ईलाज भी ठीक हो गया।

## गुरूजी और त्यागी जी अभी सियासत में हैं उन्हीं से पूछ लो शहर का हाल

बात फूल वालों में ही जनरली और मेयरली चल रही थी। किसी ने कहा कि बिहेव फेयरली होना चाहिए और उनके नाम का तो कसम से लोक से लेकर परलोक तक रूक्का था। मगर सियासत में समय का फेयर बड़ा अहम होता है। लोग क्या याद रखते हैं और कहां इग्नोर कर देते हैं इसके नजारे भगवा सियासत में मिलते हैं। पुराने भाजपाई ने ही कहा कि जो लहर का कहर बनकर शहर में घूम रहे हैं। वो एक बार गुरूजी और त्यागी जी पर नजर डाल लें। कभी इनके यहां भी मेला लगता था और इन्होंने सरकारें देखी हैं। दोनों शहर में हैं और दोनों का सियासी हाल सब देख रहे है। भाजपाई ने अम्बेडकर जयंती की एक फोटो से याद दिलाया कि कैसे समय किसी मंच वाली शान को हाशिये पर ले आता है। उन्होंने कहा कि जनरली उन्हें तो ये अनुमान भी नहीं था कि उनका गुमान ऐसे दूर हो जायेगा। कुल मिलाकर सार ये रहा कि ये कुर्सी है, ये सियासत है और इसमें कोई स्थायित्व नहीं होता और यहां वहम दूर हो जाता है।

# राष्ट्रवादी जनसेवक समिति ने किया खिचड़ी तथा कंबल वितरण








गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राष्ट्रवादी जनसेवक समिति के तत्वाधान में विंडसर पैराडाईज राजनगर एक्सटेंशन में कंबल तथा खिचड़ी वितरण किया गया। शहर विधायक संजीव शर्मा तथा महानगर महामंत्री समिति के सचिव राजेश त्यागी ने जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किये। इस अवसर पर निशांत शर्मा, मनीष त्यागी, मेघा जैन, संदीप त्यागी, भानू त्यागी, अमित जैन, राजीव त्यागी, पूर्व पार्षद संजीव त्यागी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# संजय नगर व्यापार मंडल ने राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप को जन्मदिन पर दीं शुभकामनाएं, जनसेवा और समर्पण की सराहना की



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संजय नगर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर उनसे भेंट की और उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने मंत्रीजी के दीर्घायु होने की कामना करते हुए समाज के प्रति उनके योगदान की प्रशंसा की। पदाधिकारियों ने कहा कि नरेंद्र कश्यप ने सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान, सामाजिक न्याय और जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का अनुकरणीय कार्य किया है। उनके कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी मार्गदर्शन से समाज को निरंतर एक सकारात्मक दिशा मिल रही है।

संजय नगर व्यापार मंडल ने ईश्वर से प्रार्थना की कि मंत्रीजी को उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर जनसेवा की शक्ति प्रदान करें, ताकि वे भविष्य में भी इसी प्रकार समाज और प्रदेश की सेवा में तत्पर रहें। इस गरिमामय अवसर पर मुख्य रूप से व्यापार मंडल के चेयरमैन प्रदीप गर्ग, अध्यक्ष विपिन गोयल, महामंत्री हरीश शर्मा, उपाध्यक्ष अमनेश त्यागी, युवा व्यापार मंडल से बबलू ठाकुर सहित अनेक पदाधिकारी एवं स्थानीय व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# सुरक्षित आंखें, सुंदर दुनिया : निवाड़ी में लगाया गया मोतियाबिंद का नि:शुल्क कैंप



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** नगर पंचायत निवाड़ी पुरानी टंकी के पास मोतियाबिंद का एक नि:शुल्क कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 51 लोगों की जांच व 13 लोगों के आंखों में मोतियाबिंद पाया गया। उनका ऑपरेशन नि:शुल्क किया जाएगा। गाजियाबाद से वरदान सेवा संस्थान की एक टीम ने डॉ0 सुभाष गुप्ता के नेतृत्व में आंखों की जांच की। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुनील शर्मा ने बताया कि की निवाड़ी में मोतियाबिंद का कैंप प्रत्येक माह की 15 तारीख को लगाया जाएगा, जिसमें शुगर, ब्लड प्रेशर और आंखों की जांच के साथ मोतियाबिंद का नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इस अवसर पर पंडित सुनील शर्मा, चांद वीर चौधरी, राजीव शर्मा, बिट्टू त्यागी, दिनेश शर्मा, कपिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति पर नगर पालिका परिषद ने किया खिचड़ी व वस्त्रों का वितरण




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मकर संक्रांति के पावन महापर्व के पर नगर पालिका परिषद द्वारा गांधी ग्राउंड में खिचड़ी वितरण कार्यक्रम व सीकरी माता का पावन प्रसाद वस्त्रों का वितरण किया गया। पालिका चेयरमैन विनोद जाटव उर्फ वैशाली ने धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर समाज के लोगों को अग्रणी रहने व जागरूकता के साथ धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने की बात कही। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के सभासदगण व अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में विशेष रूप से सफाई कर्मचारियों, जरूरतमंद नागरिकों को खिचड़ी एवं प्रसाद के रूप में वस्त्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में वेद प्रकाश चौधरी, अर्जुन नेहरा, बलराज गुर्जर, ललित मित्तल, ललित त्यागी, सोनू चौधरी, आदित्य बॉबी, सूबे सिंह, सोनू डमरू, जितेंद्र चौधरी, बबलू कौशिक, कपिल चौधरी, अंकित चौधरी, अंकित गोयल, विनोद कुमार, लेखाकार, अमरीश सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त गौरी शंकर मंदिर सीकरी फाटक पर मकर संक्रांति के उपलक्ष में राष्ट्रीय परशुराम परिषद द्वारा खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। मुख्य रूप से राष्ट्रीय परशुराम परिषद के प्रदेश महामंत्री पंडित दीपक वत्स, डॉ0 नरेंद्र त्यागी, राजकुमार मास्टर, निखिल वत्स, तरुण सोनी, उमेश दीवान, हनी वत्स, संजीव सैन आदि उपस्थित रहे।




## किस एसीपी की होगी खास एंट्री

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम से तीन एसीपी के जाने की चर्चा सुनाई दे रही है। तो जानकारी मिली है कि एक खास एसीपी की एंट्री जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में हो सकती है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जैसे ही लखनऊ से बड़ी वाली एसीपी और क्षेत्राधिकार स्तर के अधिकारियों वाली लिस्ट आउट होगी। तो उस लिस्ट में एक खास नाम गाजियाबाद कमिश्नरेट के लिए रहने वाला बताया जा रहा है। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि उनकी मजबूत पैरवी न सिर्फ एक वरिष्ठ और शीर्ष आईपीएस अधिकारी के यहां से हुई है बल्कि वह सरकार वालों से भी अच्छा तालमेल रखते हैं। बताया जा रहा है कि उनके नाम की चर्चा उनके आने से पहले शुरू हो गई है। वहीं कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि वह जैसे ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आएंगे, उनके लिए खास सर्किल भी तय किया जाएगा। इन सबके बीच चर्चा सुनाई दे रही है कि आईपीएस लिस्ट में देरी वाला सीन नजर आ रहा है, अगर 18 तक समीकरण नहीं सुलझते तो



मामला फिर 26 जनवरी के बाद और फरवरी तक भी पहुंच सकता है। सूत्रों ने जानकारी दी है कि पश्चिम के कमिश्नरेट सिस्टम को लेकर बड़ी खबर मिल सकती है। तो कई जिलों और रेंज वाले अधिकारियों के लिए भी फरमान सुनाया जाएगा। सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से मठ में खिचड़ी वाला कार्यक्रम ठीक ढंग से हो गया है। उसके बाद लखनऊ में हलचल बढ़ेगी और आईपीएस लिस्ट पर मंथन के बाद तबादला एक्सप्रेस रवाना की जा सकती है। तबला एक्सप्रेस में बड़ी संख्या में फेस रह सकते हैं, कई रेस से बाहर होंगे तो वहीं इसका असर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पर भी पढ़ने की प्रबल संभावना जताई जा रही है। तीन आईपीएस अधिकारियों का नाम गाजियाबाद से भी जुड़ने की संभावना अभी भी बनी हुई है। अब देखना होगा लिस्ट कब आती है और फिर उसका क्या टविस्ट् रहता है। कुल मिलाकर जिस एसीपी को कमिश्नरेट वाले सिस्टम में एंट्री लेनी है, उनके आने का वेट हो रहा है और फिर जो एसीपी स्तर के अधिकारी कमिश्नरेट वाले सिस्टम में बेहद लंबे समय से जमे हुए थे और वह काम करते-करते लंबा समय गुजर चुके हैं। उन्हें यहां से कहां भेजा जाएगा, देखना दिलचस्प रहेगा। वह जिले में जाएंगे या कमिश्नरेट से कमिश्नरेट वाले सिस्टम में एंट्री मिल पाएगी।

# लखनऊ में अल्पसंख्यक स्नेहा संवाद सम्पन्न

## विकसित भारत के संकल्प में अल्पसंख्यक समाज की भूमिका पर जोर




**लखनऊ, करंट क्राइम।** 13 जनवरी 2026 को भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तर प्रदेश द्वारा लखनऊ में अल्पसंख्यक स्नेहा संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं नेतृत्व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा पश्चिम उत्तर प्रदेश के निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. रिजवान खान द्वारा किया गया। आयोजन में मुस्लिम, क्रिश्चियन, सिख, बौद्ध, जैन समाज के धर्मगुरु एवं बुद्धिजीवी वर्ग की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री (संसदीय कार्य मंत्रालय एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार) किरण रिजिजू ने संबोधित करते हुए कहा कि देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार तथा उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार बिना किसी भेदभाव के सर्व समाज के विकास और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसी एक समाज को छोड़कर विकसित भारत की परिकल्पना संभव नहीं है और बिना विकसित उत्तर प्रदेश के विकसित भारत का सपना साकार नहीं हो सकता। केंद्रीय मंत्री ने अल्पसंख्यक समाज से विकसित भारत के संकल्प में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए कहा कि अल्पसंख्यक समाज के समर्पित और ईमानदार प्रयास ही भारत को सशक्त व विकसित बनाएंगे। कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार बृजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री कपिल देव अग्रवाल, शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी, मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्राइस्ट चर्च कॉलेज के प्रबंधक एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष आर.के. चतरी, अमील शम्सी, प्रदेश महामंत्री जहीर अब्बास जैदी, प्रदेश मंत्री अनस उस्मानी, नेहा खान सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### अल्पसंख्यक समाज की सहभागिता से ही साकार होगा विकसित भारत: रिजवान खान

**करंट क्राइम।** डॉ. रिजवान खान ने कहा कि अल्पसंख्यक स्नेहा संवाद का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के बीच विश्वास, संवाद और सहभागिता को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारें सबका साथ-सबका विकास के मंत्र पर चलते हुए अल्पसंख्यक समाज को मुख्यधारा में सम्मानजनक अवसर दे रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जमीनी स्तर पर संवाद बढ़ाकर विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाएं।




# वेस्ट दिल्ली ने टीएनएम को 56 रनों से हराया


**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा स्टेडियम में बृहस्पतिवार को विंटर कप अंडर - 17 क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरूआत हुई। टूर्नामेंट के पहले दिन वेस्ट दिल्ली ने टीएनएम को 56 रनों से हरा दिया। खेल के प्रति महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए दो वर्ष की छूट दी गई है यानी लीग में 19 आयु वर्ग तक की महिला खिलाड़ी शामिल हो सकेंगी। आठ टीमों के बीच खेली जा रही लीग में दो फरवरी तक मुकाबले होंगे। शुभारंभ के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गुरशरण सिंह और पूर्व क्रिकेटर तिलक राज ने शिरकत की।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जनसेवक अजय गुप्ता ने अपने पुत्र आयुष गुप्ता पुत्रवधु शिल्पी गुप्ता की सफल-सुखद औ खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा के 8 वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें आशीर्वाद दिया। अजय गुप्ता और उनकी पत्नी रमा गुप्ता ने अपने पुत्र औ पुत्रवधू को उनकी मैरिज ऐनीवर्सरी की शुभकामनाएं देते हुए शिल्पी की जमकर तारीफ की और कहा कि दो परिवारों के प्रेम के बंधन को मालाओं में पिरोकरशिल्पी ने सभी का जीवन धन्य कर दिया। हमारे वंश को आगे बढ़ाया। अपने मन के भावों को अजय गुप्ता और रमा गुप्ता ने फेसबुक पर साझा किया। परिवार, रिश्ते, प्रेम स्नेह का संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।





## बोर्ड बैठक की अनिश्चितता और देरी, अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों के बीच तालमेल की कमी : भूपेंद्र उपाध्याय



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बोर्ड बैठक की अनिश्चितता और देरी, अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों के बीच तालमेल की कमी, विकास कार्यों के लिए शासन से फंड का न मिलना, वार्ड 41 झंडापुर के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने कहा कि सदन में कितनी बार जनता की आवाज उठाई, कितने पत्र लिखे। लेकिन वार्ड में 'काम क्यों नहीं हुआ' इसका ठोस कारण बताकर, भविष्य में उन रुकावटों को कैसे दूर करेंगे, इस वादे के साथ वे जनता के बीच जा सकते हैं।

विकास कार्यों के अलावा सुख-दुख में साथ खड़े रहना भी पार्षद का एक बड़ा चुनावी आधार होता है। बोर्ड बैठक की अनिश्चितता और देरी आमतौर पर नगर निगम की बोर्ड बैठक हर 2 से 3 महीने में होनी चाहिए। अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों के बीच तालमेल की कमी। विकास कार्यों के लिए शासन से फंड का न मिलना। पार्षद आरोप लगाते हैं कि सदन में पास होने के बावजूद फाइलें दबा दी जाती हैं। अपूर्ण निविदाएं (ल पुराने कार्यों के भुगतान न होने के कारण ठेकेदारों द्वारा नए काम शुरू न करना।

बजट होने के बावजूद बंदरबांट के कारण धरातल पर काम न दिखना। चुनाव में जनता के बीच क्या लेकर जाएंगे? जब विकास कार्य नहीं होते, तो पार्षद के पास जनता के पास जाने के लिए 'काम' के बजाय 'संघर्ष' के मुद्दे होते हैं।

**विपक्ष की भूमिका:** यदि वे विपक्षी दल से हैं, तो वे प्रशासन की विफलता और सरकार द्वारा भेदभाव को मुद्दा बनाएंगे। विकास कार्यों के अलावा सुख-दुख में साथ खड़े रहना भी पार्षद का एक बड़ा चुनावी आधार होता है। स्थानीय राजनीति में जब काम रुकते हैं, तो पार्षद अक्सर अधिकारियों के खिलाफ 'सदन में तालाबंदी' या 'धरना प्रदर्शन' जैसे कदम उठाते हैं ताकि जनता को यह संदेश जाए कि वे उनकी लड़ाई लड़ रहे हैं।

# परोपकार ही सबसे बड़ा धर्म, मकर संक्रांति हमें सेवा की प्रेरणा देती है: सुनील शर्मा

### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने बृज विहार मंडल उपाध्यक्ष विक्रम चौधरी के कार्यकाल पर बांटी खिचड़ी और कंबल वितरण





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने क्षेत्रवासियों के साथ खुशियां बांटीं। गुरुवार को बृज विहार स्थित मंडल उपाध्यक्ष विक्रम चौधरी के कार्यालय पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए और उपस्थित जनसमूह को प्रसाद के रूप में खिचड़ी परोसी। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि मकर संक्रांति केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि यह समाज को एकजुट करने और एक-दूसरे के प्रति सेवा भाव जगाने का माध्यम है। उन्होंने कहा, नर सेवा ही नारायण सेवा है। भीषण ठंड में जरूरतमंदों को कंबल और खिचड़ी वितरित करने से जो संतोष मिलता है, वह अतुलनीय है। ऐसे आयोजनों से समाज में समरसता और एकता की भावना सुदृढ़ होती है।

धार्मिक अनुष्ठान के साथ वितरण कार्यक्रम समारोह की शुरूआत विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद मंत्री जी ने अपने हाथों से सैकड़ों लोगों को कंबल बांटे। कड़ाके की ठंड के बीच कंबल पाकर बुजुर्गों और निराश्रितों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों और कार्यकताओं ने शिरकत की। मंडल उपाध्यक्ष विक्रम चौधरी ने कहा की यह दिन सूर्य देव के उत्तरायण होने का प्रतीक है। शास्त्रों के अनुसार, मकर संक्रांति पर दान-पुण्य करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। इस दिन खिचड़ी का दान और सेवन न केवल धार्मिक रूप से शुभ माना जाता है, बल्कि यह सुख-समृद्धि का भी कारक है। इस अवसर वरिष्ठ नेता योगेश त्रिपाठी पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी रीता सिंह मंडल मंत्री योगेश त्यागी जगदीश्वर प्रसाद उमेश चंद सक्सेना धीरज गीता सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद है।

## मकर संक्रांति पर पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी ने बांटी खिचड़ी





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी ने मकर संक्रांति के अवसर पर वसुंधरा सेक्टर 14 शिव मंदिर के पास खिचड़ी बांटने का आयोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के लोगों को बांटी खिचड़ी बांटी और सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर महेंद्र चौधरी ने कहा कि मकर संक्रांति एक ऐसा त्योहार है जो हमें एकजुट होने और एक दूसरे के साथ बांटने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि वे आगे भी इस तरह के आयोजन करते रहेंगे और क्षेत्र के लोगों की सेवा में हमेशा तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक रूप चौधरी एसपी तोमर पार्षद प्रतिनिधि आशीष चौधरी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## लेखक मंच पर 21वीं सदी की हिंदी कविता में स्त्री स्वर विषयक सत्र संपन्न





**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली द्वारा 14 जनवरी को दोपहर 12 से 12.45 बजे तक लेखक मंच के अंतर्गत 21वीं सदी की हिंदी कविता में स्त्री स्वर विषयक एक महत्वपूर्ण साहित्यिक सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र समकालीन हिंदी साहित्य में स्त्री लेखन और उसके बदलते स्वरूप पर केंद्रित रहा, जिसमें गहन चिंतन और सार्थक संवाद देखने को मिला।

कार्यक्रम का आयोजन अद्विक पब्लिकेशन के प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता के सानिध्य में किया गया। सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार सुभाष चंदर ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रख्यात लेखिका सविता चड्ढा उपस्थित रहीं। मंच संचालन का दायित्व रिंकल शर्मा ने कुशलतापूर्वक निभाया।

इस अवसर पर पुस्तक लोकार्पण एवं परिचर्चा का आयोजन भी किया गया। रश्मि अभया की काव्य कृति 'सुनो न', डॉ. शालिनी अगम की शालीना तथा उनकी अंग्रेजी पुस्तक 'मेडिटेशन' और सविता चड्ढा की 'मेरी रेडियो कहानियां' सहित कई पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। वक्ताओं ने इन कृतियों को समकालीन साहित्य की सशक्त अभिव्यक्ति बताया। परिचर्चा के दौरान वक्ताओं ने 21वीं सदी में स्त्री की बदलती छवि और उसके सशक्त स्वर को रेखांकित किया। रश्मि अभया ने कहा कि आज स्त्री का स्वर उसकी स्वतंत्रता, चेतना और अस्मिता का परिचायक है, जो समाज को आईना दिखाने का कार्य कर रहा है। डॉ. शालिनी अगम ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आज की नारी संकोच त्यागकर पूरी मुखरता से अपनी बात रख रही है।

विशिष्ट अतिथि सविता चड्ढा ने साहित्य में दहेज प्रथा जैसे सामाजिक मुद्दों तथा महिला लेखन की मजबूत उपस्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि वर्तमान समय में पुरुष लेखक भी स्त्री विमर्श पर गंभीरता से और संवेदनशील ढंग से लेखन कर रहे हैं।

ऋषि कुमार शर्मा और रिंकल शर्मा ने भी विषय की प्रासंगिकता और साहित्यिक महत्व पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी और श्रोता उपस्थित रहे, जिन्होंने सत्र को अत्यंत रुचि और सराहना के साथ सुना। कुल मिलाकर यह सत्र विचारोत्तेजक, सार्थक और साहित्यिक दृष्टि से उल्लेखनीय रहा।

## मकर संक्रांति के अवसर पर हुआ खिचड़ी तथा कंबल वितरण समारोह







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर गाजियाबाद के अवंतिका स्थित स्वयंवर फार्म हाउस में खिचड़ी वितरण एवं कंबल वितरण का सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. संजीव शर्मा, सदस्य अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, अमित शर्मा प्रदेश सचिव राजीव गांधी पंचायत राज संगठन कमेटी एवं संदीप शर्मा जिलाध्यक्ष राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के संयुक्त नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोगों को गर्म खिचड़ी वितरित की गई तथा ठंड से बचाव के लिए कंबल प्रदान किए गए। आयोजकों ने मकर संक्रांति को सामाजिक समरसता और सेवा का पर्व बताते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज के कमजोर वर्गों के लिए सहारा बनते हैं और मानवता की सेवा का संदेश देते हैं।

डॉ. संजीव शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उससे जुड़े संगठन हमेशा सामाजिक सरोकारों के साथ खड़े रहे हैं और आगे भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे। अमित शर्मा ने कहा कि राजीव गांधी पंचायत राज संगठन का उद्देश्य गांव, गरीब और कमजोर वर्ग तक मदद पहुंचाना है। संदीप शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। कार्यक्रम में बुद्ध प्रकाश शर्मा, पंकज तंजानिया पूर्व प्रदेश सचिव कांग्रेस, धर्मेंद्र शर्मा, नानक शर्मा, राजेश शर्मा, हरि मोहन शर्मा, मुकेश शर्मा, अनुज पाराशर, मनीष पाराशर, राहुल पाराशर, गोपाल गर्ग, पंकज, नीरज, यश शर्मा, कपिल यादव, अमित यादव, अशोक शर्मा और आदेश पाराशर की सक्रिय उपस्थिति रही। सभी ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया और जरूरतमंदों की सेवा में भागीदारी निभाई।

## मकर संक्रांति पर पार्षद मदन राय ने 150 जरूरतमंदों को बांटे कंबल





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर दान-पुण्य की परंपरा को निभाते हुए पार्षद मदन राय ने पत्नी अनिता राय के साथ क्षेत्र के असहाय और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाए। गुरुवार को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में पार्षद ने अपनी पत्नी अनिता राय के साथ मिलकर लगभग 150 जरूरतमंदों को कंबलों का वितरण किया। कंबल वितरण के दौरान पार्षद मदन राय ने कहा कि कड़ाके की ठंड में किसी जरूरतमंद को राहत पहुँचाना ही सच्ची ईश्वर सेवा है। उन्होंने कहा, मकर संक्रांति का पर्व हमें दान और परोपकार की प्रेरणा देता है। हमारा प्रयास है कि वार्ड का कोई भी व्यक्ति इस भीषण ठंड में असुरक्षित महसूस न करे। कड़ाके की शीतलहर के बीच कंबल पाकर बुजुर्गों और महिलाओं के चेहरे खिल उठे।

अनिता राय ने महिलाओं को कंबल भेंट करते हुए उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना और त्योहार की शुभकामनाएं दीं। पार्षद मदनराय ने स्थानीय समर्थ लोगों से भी अपील की कि वे अपने सामर्थ्य अनुसार गरीबों की मदद के लिए आगे आएं। क्षेत्रीय जनता ने पार्षद और उनके परिवार के इस मानवीय प्रयास की सराहना की है। इस अवसर पर कई स्थानीय गणमान्य व्यक्ति और समाजसेवी भी उपस्थित रहे।

## मकर संक्रांति पर वैशाली वार्ड 76 को विकास की सौगात

### पार्षद गौरव सोलंकी ने किया नाले की दीवार निर्माण का शुभारंभ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर वार्ड-76 वैशाली के निवासियों को बड़ी राहत मिली है। क्षेत्रीय पार्षद एवं निगम कार्यकारिणी सदस्य गौरव शिवानी सोलंकी और सुखबीर सिंह सोलंकी ने वैशाली सेक्टर-1 स्थित नाले की सुरक्षा दीवार (बाउंड्री वॉल) के निर्माण कार्य का विधिवत नारियल तोड़कर उद्घाटन किया।

लंबे समय से स्थानीय निवासी इस नाले के पास सुरक्षा दीवार की मांग कर रहे थे। उद्घाटन के दौरान पार्षद गौरव सोलंकी ने बताया कि इस दीवार के बनने से सेक्टर-1 के निवासियों को सीधा लाभ होगा। उन्होंने कहा, दीवार न होने के कारण आए दिन आवारा पशुओं के नाले में गिरने का भय बना रहता था और दुर्घटनाएं होती रहती थीं। अब इस निर्माण से न केवल सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि क्षेत्र के सौंदर्यीकरण में भी यह एक मील का पत्थर साबित होगा। 'साफ नियत, सही विकास' के संकल्प को दोहराते हुए पार्षद ने कहा कि वार्ड के हर कोने तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित निवासी और गणमान्य व्यक्ति भारी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल का स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए पार्षद का आभार जताया।

इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता सुखबीर सिंह सोलंकी ने भी विकास कार्यों की गति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार और स्थानीय प्रतिनिधि जनहित के कार्यों के लिए सदैव समर्पित हैं।

**मकर संक्रांति**




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में श्री ठाकुर जी सत्संग मंडल के द्वारा अनाज मंडी घंटाघर पर कढ़ी बाजरे का प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें प्रधान मिथलेश गुप्ता, महामंत्री कुलदीप, दिनेश, विनेश गुप्ता, राकेश अग्रवाल, मनोज गोयल, सतीश गुप्ता, किशन, संजीव, अजय बंसल, सुंदर लाल, मनोज, सुखदर्शन शर्मा, राज कुमार बबली, नरेंद्र लवली, विजयअग्रवाल, अचल मित्तल एवं प्रियांशु आदि ने सहयोग किया।

## ग्रोक नाबालिगों की आपत्तिजनक तस्वीरें बनाता है मुझे इसकी जानकारी नहीं: मस्क

**नई दिल्ली।** अरबपति उद्यमी एलन मस्क ने कहा कि एआई चैटबॉट ग्रोक नाबालिगों की आपत्तिजनक या नग्न तस्वीरें बनाता है इस तरक की किसी भी घटना की उन्हें जानकारी नहीं है। मस्क का यह बयान ऐसे समय आया है, जब ग्रोक को लेकर दुनिया भर में जांच और आलोचना तेज होती जा रही है।

सोशल मीडिया पोस्ट पर दिए गए बयान में मस्क ने कहा कि ग्रोक को अवैध अनुरोधों को अस्वीकार करने के लिए प्रोग्राम किया गया है। उसे हर देश या राज्य के कानूनों का पालन करना होता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रोक अपने आप कोई तस्वीर नहीं बनाता, बल्कि केवल उपयोगकर्ता के अनुरोध पर ही ऐसा करता है। बता दें कि ग्रोक और एक्स को लेकर वैश्विक स्तर पर दबाव बढ़ रहा है।

# मसूरी पुलिस ने खोला लाखों की चोरी का केस

## तीन आरोपी गिरफ्तार 20 लाख का माल बरामद





### एसीपी मसूरी लिपि ने की प्रेसवार्ता

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** थाना मसूरी क्षेत्र में हुई आभूषण चोरी की घटना का खुलासा पुलिस ने गुरुवार को कर दिया। पुलिस ने गांव ढबारसी निवासी तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए लगभग 20 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। पीड़ित गजेन्द्र कुमार निवासी ढबारसी ने 14 जनवरी को थाना मसूरी पर तहरीर दी थी कि शाम करीब 6 बजे वह अपनी दुकान बंद कर घर जा रहा था। दुकान का सारा सामान एवं घर के सोने-चांदी के आभूषण एक बैग में रखकर ले जा रहा था। पीड़ित के अनुसार वह रास्ते में शहनवाज निवासी ढबारसी के घर उधार के 25,000 रुपये की तगादा करने पहुंचा। उसी दौरान घर के बाहर डिब्बी पर रखा उसका बैग अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। बैग में आभूषणों के साथ एटीएम कार्ड और डायरियां भी थीं। तहरीर के आधार पर थाना मसूरी पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच की और केस खोल दिया है।

एसीपी मसूरी लिपि नागयच ने बताया है कि मामले के अनावरण के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी। पुलिस टीम ने घटना से जुड़े तीन आरोपित शहबाज, शहनवाज और अब्जर निवासी गांव ढबारसी थाना मसूरी–को मदरचक रोड, बम्बे के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के पास से चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण बरामद हुए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई गई है। आगे की विधिक कार्रवाई की गई है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पीड़ित गजेन्द्र उन्हीं के गांव का निवासी है और शहनवाज के ऊपर करीब 25 हजार रूपये का उधार था। तगादा करने घर आए गजेन्द्र ने आभूषणों वाला बैग डिब्बी पर छोड़ दिया था। इसी दौरान मौके का फायदा उठाते हुए शहबाज ने बैग चोरी कर लिया और बाद में अपने भाई शहनवाज और अब्जर की मदद से झाड़ियों में छिपा दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# वार्ड-83 की पार्षद कविता प्रवीन भाटी के नेतृत्व में मकर संक्रांति पर खिचड़ी भंडारा का आयोजन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर वार्ड-83 स्थित पार्षद कार्यालय पर पार्षद कविता प्रवीन भाटी के नेतृत्व में खिचड़ी प्रसाद के भंडारे का आयोजन किया गया। इस सामाजिक-धार्मिक आयोजन का शुभारंभ राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल व श्याम बिहारी शर्मा द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम में पूर्व विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) सुरेश कश्यप की विशेष उपस्थिति रही। आयोजन ने जहां एक ओर भारतीय परंपराओं को सुदृढ़ किया, वहीं दूसरी ओर वार्ड-83 में संगठन की मजबूती और जनसमर्थन का स्पष्ट संदेश भी दिया।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और जनता के साथ सीधा संवाद उनकी राजनीति की मूल भावना है। उन्होंने वार्ड-83 में हो रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि क्षेत्र की हर समस्या के समाधान के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं।

कार्यक्रम में हजारों की संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लेकर खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। स्थानीय नागरिकों ने पार्षद कविता प्रवीन भाटी के जनसंपर्क, सक्रियता और विकासपरक सोच की सराहना की। आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि वार्ड-83 में उनका नेतृत्व जमीनी स्तर पर मजबूत होता जा रहा है। इस अवसर पर प्रवीण भाटी, बाबू तेजपाल सिंह, हरिओम कसाना चेयरमैन मदनपाल शर्मा, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, के.डी. शर्मा, नरेश चौहान, पार्षद मदन राय, आलोक शर्मा, मण्डल अध्यक्ष एम एल गोस्वामी, नरेंद्र चौधरी, आर के जिन्दल, मंगल चौहान, सुनील कुमार, प्रमोद सिंघल, एस. चौहान, पूर्व पार्षद विनोद शर्मा, उमेश कुमार शर्मा, अशोक गुप्ता आटेवाले, विकास लोहिया, विपुल वर्मा, विनोद निजहावन, चौ. वीर सिंह, रामाश्रे चौ., राधेश्याम, पार्षद हिमांशु शर्मा, पार्षद राहुल शर्मा, नरेंद्र चौधरी, मधुसूदन शर्मा, दीपक गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।




# राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप के जन्मदिन पर बधाई-शुभकामनाओं का उपहार



















गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप का 64वां जन्मदिन उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। संजयनगर स्थित आवास पर आयोजित जन्मोत्सव समारोह में पहुंचे भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप को जन्मदिन की बधाई दी। सभी ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, यशस्वी जीवन और लंबी आयु की कामना की। इस अवसर पर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने बधाई और शुभकामनाएं देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन सदैव से राष्ट्रसेवा और समाजसेवा के प्रति समर्पित रहा है। वह उन सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हैं जो उनके जन्मदिन पर उन्हें बधाई और शुभकामनाओं से अभिभूत कर रहे हैं।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदियापार से आया पैगाम? सुना है बताने वालों ने बताया भगवा मैम्बर को डिप्टी सीएम के आने का प्रोग्राम? कहा आपको करना होगा इस आयोजन का इंतजार? सुना है ये सुनते ही भाटी जी ने हाथ खड़े कर दिये श्रीमान? कहा हम से नहीं हो पायेगा ये वाला काम? पता चला है बात तब जाकर बनी? जब सामने से आवाज आई कि आप ज्यादा टेंशन मत लो? आपके यहां पर रखवा देंगे चाय-पानी का प्रोग्राम? देखते ही बन रही थी तब भाटी जी के चेहरे पर मुस्कान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि यहां बिना पर्चे के ही हो रही है चर्चा? इस चर्चा के लिए विधायक जी को नहीं करना पड़ रहा है खर्चा? सुना है उनकी किंग साईज वाली कुर्सी के चर्चे हो रहे हैं दूसरे विधायक जी के यहां पर आम? इस कुर्सी की फोटो इन सबने अपने मोबाइल में कैद कर ली है? फिर कुर्सी को देखकर किया जाता है तरह-तरह की चर्चाओं का इंतजाम? कहने वाले कहते हैं कि एक हमारे विधायक हैं जो रखते है खुद का अंदाज सहज? और एक इन विधायक को देखो? राजाओं की कुर्सी पर बैठकर मिलता है इनको रिलैक्स?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको सच बता रहे हैं जब होगा किसी मंडल में परिवर्तन? तो सबसे पहले आयेगा इन ठाकुर भगवा कमिश्नर का नाम? इन्होंने तो अपनी गतिविधियों को दिया हुआ है बहुत ज्यादा विराम? हमने देखा जब इनके वाईस प्रेसीडेंट के यहां पर लगा मंत्री जी का खिचड़ी वितरण वाला प्रोग्राम? तब भी ये भाई साहब बना गये इस प्रोग्राम से दूरी? दिया संदेश कि हर जगह हम रहें, ऐसा नहीं है तो जरूरी? कहने वाले ने कहा अध्यक्ष जी इतने डिएक्टिव हैं कि टीम भी लगती है अब उनकी अधूरी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गिरी जी इन दिनों करा रहे हैं अपनी ताकत का एहसास? इन्होंने हाल ही में नदिया पार के चौहान को फोन मिलाया था साहब? कहा था आप चाहें तो मैं बनवा सकता हूं आपको एक मंडल का प्रभारी? जब बोलेंगे तब दिला दूंगा मैं आपको जिम्मेदारी? कहने वाले ने कहा इस ऑफर को सुनकर फिलहाल ठाकुर साहब भी हैं हैरान? फिलहाल उन्होंने स्पष्ट नहीं किया है कि उनको करना है या नहीं करना है प्रभारी वाला काम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वो हो रहा था बहुत ज्यादा हैरान? जब महानमंत्री त्यागी जी ने किया अपने मौहल्ले में कंबल वितरण का प्रोग्राम? उसकी हैरानी कंबल वितरण को लेकर नहीं थी? बल्कि उसका था यहां पर भगवा कमांडर के आने पर ध्यान? वो दे रहा था वहां पर ये संदेश? बोल रहा था कि मोहब्बत का डवलप हुआ है नया नया केस? कुछ तो खिचड़ी पकी है, कुछ तो हुई है बात? जहां हम हैवीवेट वालों का इंतजार कर रहे थे? वहां भगवा कमांडर के होने ने हमारे कान खड़े कर दिये हैं साहब? जरूर चली है यहां पर एक और सोटी? यहां पर नजर नहीं आये कमांडर के प्रिय वो त्यागी जी जो रखते हैं चोटी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब हो रही थी इस कार्यक्रम की चर्चा आम? तब देने वाले ने दिया एक और पैगाम? कहा आपने गौर से देखा होगा? इस कार्यक्रम में भगवा योद्धा के दर्शन नहीं हुए श्रीमान? ये मामला था बाईचांस? या फिर दोनों तरफ से बना है कोई दूरी का प्रोग्राम? कहने वाले ने कहा जब से देखा है मैंने ये सीन? तब से हूं मैं बहुत ज्यादा हैरान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं एक खिचड़ी वितरण वाले कार्यक्रम में था मौजूद? यहां पर दिखाई दे रहा था मुझे वीडियो बनाते हुए एक नेता का वजूद? ये नेता वीडियो से दे रहे थे किसी विधायक के तत्वाधान में कार्यक्रम होने का संदेश? जैसे ही इस चेहरे ने विधायक का नाम लिया? वैसे ही किसी ने इनके नीचे की जमीन से खींच लिया स्पेस? करा दिया एकदम खामोश? डिलीट कर दिया इस वीडियो को जो लाईव हुई थी अपलोड? ना जाने क्या वजह रही जो पूरा मैटर कर दिया गया पोज़?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक दृश्य हमें गाजियाबाद के गलियारों में खूब दे रहा है दिखाई? विभु भैया के फोटो गर्ग साहब के साथ देने लगे हैं दिखाई? यूं ही नहीं आम हो रही है ये तस्वीर? ऐसा लग रहा है जैसे तलाशने वाले तलाश रहे हों यहां पर अपनी तकदीर? कहने वाले ने कहा संगठन के एक पदाधिकारी ने विभु भैया का फोटो लगाकर खींच दी है अब किसी के सामने लंबी वाली लकीर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि महानगर कार्यालय से एक बात आई है बाहर? आजकल एक ब्राहम्मण पदाधिकारी ने आना कर दिया है काफी कम? ये वो पदाधिकारी हैं जिनके खूब होते थे भगवा योद्धा के साथ दीदार? कहने वाले ने कहा या तो उन्हें कोई बड़ा आश्वासन मिल गया है? या फिर सड़क से कच्चे पर उतर गई है इस चेहरे की कार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम सच बतायें, हमें भगवा कमांडर में नजर नही आता है बिल्कुल भी बिरादरीवाद? हमने देखा है वो अपनी बिरादरी वालों को छोड़कर बाकी की बिरादरी के लोगों को लेकर चलते हैं अपने साथ? अगर आप दोगे इस पर बारीकी से ध्यान? तो उनके हर समाजिक सफर में पूरी महिमा से मिस्टर गुप्ता, मीनल के धमेन्द्र, मीडिया वाले चौपड़ा और युवा गुर्जर चेहरे रहते हैं विराजमान? कहने वाले ने कहा यही होता है भाईचारे का संदेश? इसलिए विधायक जी को देखकर मुस्कुरा जाता है हर किसी का फेस?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## मकर संक्रांति पर इंपीरियल फार्म हाउस में किया गया भंडारे का आयोजन

### मकर संक्रांति जैसे पर्व सेवा और सामाजिक समरसता का देते हैं संदेश : अभिषेक गर्ग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर गोविंदपुरम स्थित इंपीरियल फार्म हाउस में भंडारा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की।

भंडारे के दौरान समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने कहा कि मकर संक्रांति जैसे पर्व सेवा, सहयोग और सामाजिक समरसता का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि भंडारा जैसे आयोजन समाज के हर वर्ग को जोड़ने का कार्य करते हैं और जरूरतमंदों तक सहयोग पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं।



कार्यक्रम में महेश चंद्र, विवेक गर्ग, अनुराग गर्ग, शौर्य गर्ग सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। अभिषेक गर्ग ने आयोजन के लिए इंपीरियल फार्म हाउस परिवार की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं।

## त्याग, संघर्ष और राष्ट्रनिष्ठा से बना पूज्य पिताजी का जीवन : मानसिंह गोस्वामी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूज्य पिताजी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित पारिवारिक कार्यक्रम में उनके जीवन संघर्ष, राष्ट्रभक्ति और अनुशासन को स्मरण किया गया। इस मौके पर बेटे मान सिंह गोस्वामी ने भावुक होते हुए कहा कि उनके पिता का संपूर्ण जीवन राष्ट्र प्रथम की भावना को समर्पित रहा है और वही संस्कार आज परिवार की पीढ़ियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं।



मान सिंह गोस्वामी ने कहा कि नौकरी के दौरान गांव से दिल्ली तक प्रतिदिन 100 से 125 किलोमीटर की दूरी साइकिल और मोटरसाइकिल से तय करना पूज्य पिताजी के अदम्य साहस, परिश्रम और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज यह परिवार के लिए गर्व का विषय है कि उनके बेटे, पोते-पोती और नाती सभी टइइर डॉक्टर या इंजीनियर हैं, जो शिक्षा और राष्ट्रसेवा की उसी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि पूज्य पिताजी का जन्म 15 जनवरी 1942 को ग्राम गढ़ी कलंजरी, खेकड़ा ब्लॉक, जिला बागपत (पूर्व में जिला मेरठ) में हुआ। वे गांव के पहले इ.रू. स्नातक रहे और प्रारंभ से ही राष्ट्रवादी गतिविधियों में सक्रिय रहे। गांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा लगवाने से लेकर चुनावी दौर में ह्यदीपकह्न चुनाव चिन्ह के लिए कार्य करना उनके वैचारिक समर्पण को दर्शाता है।

मान सिंह गोस्वामी ने कहा कि उनके पिता 31 जनवरी 2002 को सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हुए और सेवा काल में भारतीय मजदूर संघ के सक्रिय सदस्य के रूप में श्रमिक हितों के लिए कार्य करते रहे। आपातकाल के समय तीन माह तक नजरबंद रहना और दिल्ली से बाहर भेजा जाना भी उनके संघर्षपूर्ण जीवन का महत्वपूर्ण अध्याय है।

उन्होंने बताया कि पूज्य पिताजी का लंबे समय तक राष्ट्रवादी विचारक प्रोफेसर बलराज मधोक से संपर्क रहा और वे अटल बिहारी वाजपेयी को देश का श्रेष्ठ नेता मानते थे।

मान सिंह गोस्वामी ने कहा कि आज वे स्वयं और उनका पूरा परिवार भारतीय जनता पार्टी के माध्यम से राष्ट्र सेवा के विचार को आगे बढ़ा रहा है और पूज्य पिताजी के आदर्श ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी हैं।




## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माहः यातायात नियमों के पालन की दिलाई शपथ

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 मनाया जा रहा है। इसका आयोजन जिले में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप किया जा रहा है। इस दौरान नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई जा रही है। इस क्रम में मकर संक्रांति के दिन यातायात पुलिस ने सेक्टर-80 स्थित सैमसंग कंपनी में एक कार्यक्रम का आयोजन कर अधिकारियों व कर्मचारियों को यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान पुलिस उपायुक्त यातायात एवं अन्य पुलिस कर्मियों ने सैमसंग कंपनी के कर्मचारियों से कहा कि सड़क पर नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि गति अधिक होने, लापरवाही और हेलमेट न पहनने के कारण प्रतिवर्ष अनेक दुर्घटनाएं होती हैं, जो परिवारों के जीवन को प्रभावित करती हैं।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# थाईलैंड में फिर हुआ क्रेन हादसा

# एक दिन पहले ही रेल दुर्घटना में 32 लोगों की गई थी जान

**बैंकॉक।** थाईलैंड में एक दिन पहले ही बड़ा हादसा हुआ था, जिसमें एक क्रेन रेल पर गिर गई थी, जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी। उस हादसे के एक दिन बाद ही फिर से थाईलैंड में क्रेन हादसा हुआ है, जिसमें कई लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है।

थाईलैंड में एक दिन पहले ही एक बड़ा हादसा हुआ था, जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी। अब राजधानी बैंकॉक में भी एक क्रेन हादसा हुआ है। हादसे में हताहत हुए लोगों की संख्या का अभी पता नहीं चल सका है। थाईलैंड के स्थानीय मीडिया के अनुसार, हादसे में दो लोगों की मौत हुई है और कई और लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। इससे पहले बीते दिन हुए हादसे में एक निमार्णाधीन स्थल पर क्रेन चलती



हुई ट्रेन पर गिर गई थी, जिसके बाद रेल पटरी से उतर गई थी। उस हादसे में 32 लोगों की मौत हो गई थी।

### पुल निर्माण के दौरान हुआ क्रेन हादसा

गुरुवार को हुए हादसा बैंकॉक के बाहरी इलाके में हुआ, जहां एक निमार्णाधीन सड़क पर क्रेन गिर गई, जिसकी चपेट में कई लोग आ गए। अग्निशमन और राहत विभाग के सोशल मीडिया पेज पर साझा पोस्ट में बताया गया है कि हादसे में फिलहाल कम से कम एक व्यक्ति की मौत हुई है। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दो लोग मारे गए हैं। हालांकि आधिकारिक तौर पर हताहतों की संख्या सामने नहीं आई है। क्रेन की चपेट में आकर दो वाहन भी तबाह हो गए हैं। राहत और बचाव कार्य अभी जारी है।

जिस रेल प्रोजेक्ट पर क्रेन हादसा हुआ, वह थाईलैंड सरकार का अरबों डॉलर का प्रोजेक्ट है और चीन के बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव योजना का हिस्सा है।

यही महत्वकांक्षी योजना दक्षिण पूर्व एशिया को चीन से जोड़ेगी। इससे पहले अगस्त 2024 में भी इस रूट पर रेलवे टनल के निर्माण के दौरान हादसा हो गया था, जिसमें तीन मजदूरों की मौत हो गई थी।

### क्या है थाईलैंड हादसे के अपडेट्स

जिस सड़क पर हादसा हुआ, वह रामा-2 हाइवे का विस्तार है। इस सड़क के निर्माण में कई हादसे हो चुके हैं। बुधवार को नाखोन रतचासिमा प्रांत में हुए रेल हादसे में राहत कार्य समाप्त हो गया है। राज्य के गवर्नर ने बताया कि तीन यात्री अभी भी लापता हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि या तो वे हादसे से पहले ही ट्रेन से उतर गए थे। हालांकि अभी भी जांच जारी है। अधिकारियों का कहना है कि ट्रेन में 171 यात्री सवार थे। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर बताया कि रेल हादसे में मरने वाले लोगों में एक दक्षिण कोरिया का नागरिक था।

# क्या ईरान के खिलाफ कुछ बड़ा करने वाला है अमेरिका

## युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पश्चिम एशिया की तरफ रवाना

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान में जारी तनाव के बीच अमेरिका ने अपने ताकतवर युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को दक्षिण चीन सागर से पश्चिम एशिया की तरफ रवाना किया है। वहीं ईरान ने भी अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है, जिसके बाद आशंका जताई जा रही है कि अमेरिका, ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई कर सकता है।



ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों और तनाव के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल अमेरिका ने अपने युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को दक्षिण चीन सागर से पश्चिम एशिया की तरफ रवाना किया है। न्यूज नेशन की व्हाइट हाउस की पत्रकार केली मेयर ने सूत्रों के हवाले से ये दावा किया है। केली ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर ये जानकारी दी।

व्हाइट हाउस की पत्रकार ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी जानकारी

केली मेयर ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'यूएस मिलिट्री हार्डवेयर ईरान से तनाव के बीच पश्चिम एशिया की तरफ बढ़ रहा है। अमेरिका ने दक्षिण चीन सागर से अपने युद्धपोत को पश्चिम एशिया की तरफ रवाना किया है। एक सूत्र ने न्यूज नेशन को यह जानकारी दी है। युद्धपोत के पहुंचने में एक हफ्ते के करीब का समय लग सकता है।'

**अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर, ईरान ने बंद किया एयरस्पेस**

यह घटनाक्रम ऐसे समय हो रहा है, जब पश्चिम एशिया में तनाव है और ईरान के साथ अमेरिका की तनातनी चल रही है। ईरान ने भी अपने एयरस्पेस को बंद कर दिया है।

ईरान में आर्थिक संकट के चलते बीते कई दिनों से विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इन विरोध प्रदर्शनों में 2600 से ज्यादा लोगों की मौत होने का दावा किया जा रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के प्रदर्शनकारियों का समर्थन किया और मदद भेजने की बात कही है। वहीं ईरान ने चेतावनी दी है कि अमेरिका जून वाली गलती न दोहराए। साथ ही ईरान ने बातचीत और कूटनीति के जरिए विवाद सुलझाने की बात कही और कहा कि अमेरिका हमेशा कूटनीति और बातचीत से बचता रहा है। यूएसएस अब्राहम लिंकन निमित्ज श्रेणी का पांचवा युद्धपोत है। यह परमाणु ऊर्जा से चलने वाला पोत है, जो दक्षिण चीन सागर में तैनात रहता है। इस युद्धपोत को अमेरिकी नौसेना में 1989 में शामिल किया गया था।

# अमेरिका ने पाकिस्तान को दिखाई औकात

## वीजा पर रोक लगते ही गिड़गिड़ाया पड़ोसी देश

**न्यूयार्क।** अमेरिका ने रूस, ईरान और पाकिस्तान सहित 75 देशों के लिए सभी वीजा प्रोसेसिंग पर रोक लगा दी है। पाकिस्तान को उम्मीद है कि अमेरिका जल्द ही फिर से वीजा प्रोसेस को शुरू करेगा।

अमेरिका ने बड़ा फैसला लेते हुए 75 देशों के वीजा पर रोक लगा दी है। इस सूची में पाकिस्तान का नाम भी शामिल है। पाकिस्तान ने गुरुवार को उम्मीद जताते हुए कहा है कि अमेरिका जल्द ही वीजा प्रोसेस शुरू करेगा। वह अमेरिका के इस फैसले को केवल आंतरिक समीक्षा का हिस्सा मानता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने उम्मीद जताई है कि अमेरिका वीजा प्रोसेस जल्दी ही शुरू करेगा। उन्होंने कहा हम और जानकारी हासिल करने के लिए अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में हैं। यह एक



नई खबर है जिस पर हम नजर रख रहे हैं।

### अमेरिका ने 75 देशों के वीजा प्रोसेस को रोका

अमेरिकी स्टेट विभाग ने 75 देशों के लिए सभी वीजा प्रोसेस को रोक दिया है। इस लिस्ट में रूस, पाकिस्तान और ईरान सहित बहुत सारे देशों का नाम है। इस कदम से पीछे अमेरिका का उन आवेदकों को रोकना है, जो देश पर सार्वजनिक लाभों पर बोझ बन सकते हैं। इस फैसले से हर साल अमेरिकी वीजा के लिए आवेदन करने वाले हजारों पाकिस्तानियों की यात्रा, पढ़ाई और काम की योजनाओं में देरी हो सकती है।

### 21 जनवरी से शुरू होगी रोक

यह रोक 21 जनवरी से शुरू होगी और विभाग की ओर से वीजा प्रोसेसिंग के पुनर्मूल्यांकन किए जाने तक अनिश्चित काल तक जारी रहेगी। बता दें कि मिनेसोटा की घटना के बाद सोमालिया संघीय अधिकारियों की कड़ी निगरानी में आ गया है, जहां बड़े पैमाने पर घोटाले का खुलासा हुआ है। इस घोटाले में शामिल कई लोग सोमाली नागरिक या सोमाली-अमेरिकी हैं।

### नए स्क्रीनिंग नियमों को लागू करने का दिया था निर्देश

नवंबर 2025 में विभाग द्वारा दुनिया भर के दूतावासों को भेजे गए एक संदेश में कांसुलर अधिकारियों को आव्रजन कानून के तथाकथित 'सार्वजनिक प्रभार' प्रावधान के तहत व्यापक नए स्क्रीनिंग नियमों को लागू करने का निर्देश दिया गया था। इस गाइडलाइन में कांसुलर अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे उन आवेदकों को वीजा देने से इनकार कर दें जिनके सार्वजनिक लाभों पर निर्भर रहने की संभावना है। इसके लिए स्वास्थ्य, आयु, अंग्रेजी भाषा की दक्षता, वित्तीय स्थिति और यहां तक कि दीर्घकालिक चिकित्सा देखभाल की संभावित आवश्यकता सहित कई कारकों पर विचार किया जाएगा।

# चार्ली किर्क को सम्मानित करेगा इस्राइल, यहूदी विरोध के खिलाफ लड़ाई के लिए दिया जाएगा अवार्ड

**तेल अवीव।** अमेरिका के दिवंगत रूढ़िवादी कार्यकर्ता चार्ली किर्क को इस्राइल की सरकार सम्मानित करेगी। इस्राइली पीएम के कार्यालय से बयान जारी बताया कि चार्ली किर्क को यहूदी विरोध के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए यह सम्मान दिया जाएगा।

अमेरिका के दिवंगत रूढ़िवादी कार्यकर्ता चार्ली किर्क को इस्राइल की सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा। चार्ली किर्क को यहूदी विरोध के खिलाफ लड़ाई के लिए यह सम्मान दिया जाएगा। चार्ली किर्क की करीब चार माह पहले एक अमेरिकी यूनिवर्सिटी में संबोधन के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बुधवार शाम को इसका एलान किया गया।

इस्राइली पीएम कार्यालय ने दी जानकारी



इस्राइल पीएम कार्यालय ने बताया कि चार्ली किर्क को यरूशलम में आयोजित होने वाले 'इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन कॉम्बैटिंग एंटी सेमीटिज्म' कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में दुनियाभर के इस्राइल समर्थक नेता शामिल हो सकते हैं। इनमें अल्बानिया के पीएम एडी रामा और पूर्व ऑस्ट्रियन चांसलर सेबेस्टियन कुर्ज शामिल हैं।

इस्राइल सरकार दूसरी बार इस सम्मेलन का आयोजन कर रही है। चार्ली किर्क, इस्राइल के कट्टर समर्थक माने जाते थे। चार्ली किर्क की मौत के बाद नेतन्याहू ने उन्हें इस्राइल का शेरदिल दोस्त और साझा यहूदी-ईसाई सभ्यता का रक्षक बताया था।

किर्क पर यहूदी विरोधी होने के भी आरोप लगे

टर्निंग पॉइंट यूएसए के सह-संस्थापक चार्ली किर्क अमेरिका की ईसाई और रूढ़िवादी जनता से इस्राइल के समर्थन की अपील करते थे। हालांकि कई बार उन पर यहूदी विरोधी बयान देने के भी आरोप लगे। यहूदी परोपकार और हॉलीवुड के बारे में चार्ली किर्क की कुछ टिप्पणियों ने किर्क पर यहूदी विरोधी होने के आरोप भी लगे। पिछले साल मेगन केली के शो में भी किर्क ने कहा था कि इस्राइल के लिए समर्थन इतना मजबूत हो गया है कि अब इस्राइल की सरकार की हल्की-फुल्की आलोचना करना भी मुश्किल हो गया है।

# वेनेजुएला में हिरासत में लिए कई अमेरिकियों को किया गया रिहा

**न्यूयार्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने मंगलवार को कहा कि वेनेजुएला में हिरासत में लिए गए कई अमेरिकी नागरिकों को रिहा कर दिया गया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा, हम वेनेजुएला में पकड़े गए अमेरिकियों की रिहाई का स्वागत करते हैं। उसने कहा, यह अफसरों द्वारा सही दिशा में उठाया गया कदम है। अमेरिका ने इस माह अचानक कार्रवाई कर वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो व उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया था। वेनेजुएलाई संसद के प्रमुख जॉर्ज रॉड्रिग्स ने पिछले सप्ताह कहा था कि मादुरो को अपदस्थ करने वाले सैन्य अभियान के बाद शांति स्थापित करने के वास्ते, जेल में बंद देश के और विदेशी नागरिकों को रिहा किया जाएगा।

# इंडो-पैसिफिक में नया शक्ति संतुलन

## जापान और फिलीपींस के बीच रक्षा समझौता

**जापान और फिलीपींस ने 'एक्विजिशन एंड क्रॉस-सर्विसिंग एग्रीमेंट' (एसीएसए) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह रणनीतिक रक्षा समझौता इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच दोनों देशों के बीच सैन्य रसद और सुरक्षा सहयोग को एक नया आयाम प्रदान करेगा।**

**नई दिल्ली।** जापान और फिलीपींस ने क्षेत्रीय सुरक्षा और भू-राजनीतिक स्थिरता की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। दोनों देशों ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण रक्षा रसद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह संधि ऐसे समय में हुई है जब दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर में बीजिंग की सैन्य गतिविधियों ने एशियाई देशों और उनके सहयोगियों की चिंता बढ़ा दी है।



**रसद आपूर्ति में कैसे मददगार होगा समझौता:** मनीला में आयोजित एक आधिकारिक समारोह के दौरान जापानी विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी और फिलीपींस की विदेश सचिव थेरेसा लाजारो ने इस समझौते पर मुहर लगाई। इस नए रक्षा समझौते के तहत, दोनों देशों की सेनाएं संयुक्त प्रशिक्षण के दौरान गोला-बारूद, ईंधन, भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कर-मुक्त आपूर्ति कर सकेंगी। यह समझौता न केवल सैन्य क्षमताओं को बढ़ाएगा, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के प्रति तैयारी और संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में दोनों देशों की भागीदारी को भी सुगम बनाएगा। हालांकि, इस लॉजिस्टिक समझौते को प्रभावी होने से पहले जापानी सांसदों की सहमति जरूरी है।

**चीन से बढ़ते तनाव को कम करने में कैसे मदद मिलेगी:** यह समझौता सीधे तौर पर चीन की क्षेत्रीय विस्तारवादी नीतियों के जवाब के रूप में देखा जा रहा है। जापान और फिलीपींस, दोनों ही बीजिंग के साथ अलग-अलग क्षेत्रीय विवादों में उलझे हुए हैं। जहां फिलीपींस दक्षिण चीन सागर में चीनी तटरक्षक जहाजों की बढ़ती शत्रुता का सामना कर रहा है, वहीं जापान पूर्वी चीन सागर में अपने दावों वाले द्वीपों के आसपास चीनी घुसपैठ से जूझ रहा है।

हाल के समय में, जापानी प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची की उस टिप्पणी ने बीजिंग को और नाराज कर दिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि ताइवान के खिलाफ संभावित चीनी कार्रवाई जापान को हस्तक्षेप करने के लिए प्रेरित कर सकती है। अमेरिका, जो इन दोनों एशियाई देशों का एक प्रमुख संधि सहयोगी है, ने भी चीन को विवादित जलक्षेत्र में आक्रामकता के प्रति बार-बार चेतावनी दी है।

**समझौते के लिए जापान ने फिलीपींस को क्या भरोसा दिया:** रक्षा सहयोग के साथ-साथ, जापान ने फिलीपींस के लिए नई सुरक्षा और आर्थिक विकास सहायता की भी घोषणा की है। यह फिलीपींस की विदेश नीति में आए उस बदलाव को दर्शाता है जो राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के कार्यकाल में शुरू हुआ है। उनके पूर्ववर्ती, रोड्रिगो दुतेर्ते ने चीन और रूस के साथ नजदीकी संबंध विकसित किए थे, लेकिन मार्कोस प्रशासन ने नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और 'स्वतंत्र एवं खुले इंडो-पैसिफिक' की दिशा में जापान और अमेरिका के साथ संबंधों को प्राथमिकता दी है।

# जासूसी के आरोप में ब्रिटिश राजनयिक को देश छोड़ने का आदेश

## रूस मंत्रालय ने कहा ऐसा कृत्य बर्दाश्त नहीं

**रूस ने जासूसी के आरोप में एक ब्रिटिश राजनयिक को देश छोड़ने का आदेश दिया है। रूस की सुरक्षा एजेंसी एफएसबी ने दावा किया कि राजनयिक ब्रिटिश खुफिया एजेंसी के लिए काम कर रहा था, हालांकि कोई सबूत पेश नहीं किया गया।**

**लंदन।** रूसी अधिकारियों ने गुरुवार को जासूसी के आरोपों पर एक ब्रिटिश राजनयिक को देश छोड़ने का आदेश दिया। रूस की संघीय सुरक्षा सेवा, जिसे उसके रूसी संक्षिप्त नाम एफएसबी से जाना जाता है। इसने आरोप लगाया कि दूतावास के कर्मचारी ने ब्रिटिश खुफिया एजेंसी के लिए काम किया था। हालांकि, उसने इसका कोई सबूत पेश नहीं किया।



ब्रिटिश खुफिया अधिकारियों के अघोषित कार्यों को मॉस्को बर्दाश्त नहीं करेगा

रूस के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि राजनयिक की मान्यता रद्द कर दी गई है और उन्हें दो सप्ताह के भीतर देश छोड़ना होगा। रूस में ब्रिटेन की चार्ज डी'अफेयर्स, डानाए धोलाकिया को मंत्रालय के मॉस्को स्थित मुख्यालय में नोटिस प्राप्त करने के लिए तलब किया गया था। रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा, ₹रूस में ब्रिटिश खुफिया अधिकारियों के अघोषित कार्यों को मॉस्को बर्दाश्त नहीं करेगा।₹ मंत्रालय ने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर लंदन द्वारा की गई किसी भी कार्रवाई का रूस मुंहतोड़ जवाब देगा।

इस मामले पर ब्रिटिश सरकार की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। फरवरी 2022 में क्रेमलिन द्वारा यूक्रेन में सेना भेजने के बाद से शीत युद्ध के बाद से संबंध सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं, जिसके चलते रूस और नाटो सहयोगियों ने राजनयिकों के पारस्परिक निष्कासन के कई दौर चलाए हैं।

इससे पहले मार्च 2025 में मॉस्को ने जासूसी के आरोपों को लेकर मॉस्को में तैनात दो ब्रिटिश राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था। ब्रिटेन ने उन आरोपों को दुर्भावनापूर्ण और निराधार बताया था।

# देउबा युग का अंत, गगन थापा बने नेपाली कांग्रेस के नए अध्यक्ष

**काठमांडू।** नेपाली कांग्रेस के दूसरे विशेष महाधिवेशन ने गगन थापा के नेतृत्व में नई केंद्रीय कार्यसमिति का सर्वसम्मति से चयन किया है। विशेष महाधिवेशन से गगन थापा पार्टी अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। इसी तरह, विश्वप्रकाश शर्मा और पुष्पा भुसाल को उपाध्यक्ष चुना गया है। वहीं, महासचिव पद पर गुरु घिमिरे और प्रदीप पौडेल निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। कांग्रेस ने 13 पदाधिकारी और 1 सय 21 केन्द्रीय सदस्य निर्वाचित किया है। इसी के साथ शेर बहादुर देउबा युग का अंत हो गया है।

देउबा नेपाली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के साथ ही नेपाल के तीन बार प्रधानमंत्री रहे हैं। देउबा 1995 से 1997, 2001 से 2002 तक, और 2004 से 2005 तक नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। इससे पहले नेपाली कांग्रेस के विशेष महाधिवेशन समर्थक खेमा गगन थापा को ही पार्टी का नया अध्यक्ष मानकर चल रहा था। दरअसल अध्यक्ष पद के लिए केवल थापा का ही नामांकन होने के कारण इसकी संभावना प्रबल हो गई थी।

नेपाली कांग्रेस के विशेष महाधिवेशन समर्थकों ने मंगलवार को ही निर्वाचन आयोग को पत्र भेजकर महाधिवेशन की जानकारी दी। वहीं, देउबा पक्ष विशेष महाधिवेशन को अवैध बता रहा था।

# 'जून में जो गलती की, उसे दोबारा न करे अमेरिका'

## ट्रंप की धमकी के बीच ईरान के विदेश मंत्री की चेतावनी

**तेहरान।** ईरान में जारी विरोध प्रदर्शन के बीच तनाव बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एक बयान में प्रदर्शनकारियों का समर्थन करते हुए उनसे विरोध प्रदर्शन जारी रखने की अपील की थी। उन्होंने ये भी कहा मदद आ रही है। इस पोस्ट के बाद कयास लगने लगे कि शायद अमेरिका, ईरान पर हमला कर सकता है। अब इन कयासों के बीच ईरान की सरकार ने चेतावनी दी है कि पिछली गलती न दोहराएं। माना जा रहा है कि ईरान ने जून 2025 में ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले से जोड़ते हुए ये बात कही।



**ईरानी विदेश मंत्री ने अमेरिका को धमकी के साथ ही रुख में नरमी के भी संकेत दिए। उन्होंने कहा कि ईरान बातचीत और कूटनीति के लिए तैयार है। लेकिन उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वे हमेशा कूटनीति से बचते हैं और युद्ध चुनते हैं।**

### अमेरिकी चैनल के जरिए ईरानी विदेश मंत्री ने ट्रंप को दिया संदेश

अमेरिकी मीडिया चैनल फॉक्स न्यूज के साथ बातचीत में ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा हमला बोला।

फॉक्स न्यूज के होस्ट ब्रेट बेयर ने जब ये सवाल किया कि क्या उनके पास राष्ट्रपति ट्रंप के लिए कोई संदेश है, जो प्रदर्शनकारियों की मदद के लिए किसी तरह की कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं? इस पर ईरानी विदेश मंत्री ने कहा, 'मेरा संदेश है कि जून में आपने जो गलती की थी, उसे दोबारा न दोहराएं। आप जानते हैं, अगर आप एक असफल अनुभव को दोहराते हैं, तो आपको वही परिणाम मिलेगा।'

अब्बास अराघची ने कहा, 'आपने जून में हमारे परमाणु केंद्रों पर हमला किया, मशीनों को नष्ट कर दिया, लेकिन तकनीक पर बमबारी नहीं की जा सकती और दृढ़ संकल्पों पर भी बमबारी नहीं की जा सकती।'

विदेश मंत्री अराघची ने आगे कहा कि ईरान हमेशा बातचीत और कूटनीति के लिए तैयार रहा है, लेकिन उन्होंने अमेरिका पर इससे बचने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, 'ईरान बातचीत और कूटनीति के लिए तैयार है। हमने पिछले 20 वर्षों में यह साबित किया है, लेकिन यह अमेरिका है जो हमेशा कूटनीति से बचता रहा, जिसने कूटनीति को खत्म किया और युद्ध को चुना। मेरा संदेश है कि युद्ध और कूटनीति के बीच; कूटनीति एक बेहतर तरीका है। हालांकि हमें अमेरिका से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला है। लेकिन फिर भी, कूटनीति युद्ध से कहीं बेहतर है।'

# ताइवान के पास चीनी सैन्य गतिविधि बढ़ी, PLA के नौ लड़ाकू विमान और 11 युद्धपोत ट्रैक किए गए

**ताइपे।** ताइवान ने अपने क्षेत्र के आसपास चीनी सेना की बढ़ती गतिविधियों का खुलासा किया है। 9 पीएलए विमान और 11 चीनी युद्धपोत ताइवान के पास देखे गए।



ताइवान और चीन के बीच जारी तनाव के बीच एक बार फिर चीनी सेना की गतिविधियों में इजाफा देखा गया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसने अपने क्षेत्र के आसपास पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के 9 लड़ाकू विमानों और 11 चीनी नौसैनिक जहाजों की मौजूदगी दर्ज की है।

ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इन सभी 9 विमानों ने मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के उत्तरी, दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन में प्रवेश किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा आज सुबह 6 बजे तक ताइवान के आसपास 9 PLA विमान और 11 ढछअठ जहाजों की गतिविधि दर्ज की गई। सभी विमानों ने मध्य रेखा पार की। स्थिति पर नजर रखी गई और उचित प्रतिक्रिया दी गई।

### देश की संप्रभुता की रक्षा करेंगे- राष्ट्रपति लाई चिंग-ते

गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले बुधवार को भी ताइवान ने 20 PLA विमानों और 9 चीनी युद्धपोतों की मौजूदगी दर्ज की थी, जिनमें से 17 विमानों ने ADIZ में प्रवेश किया था। इससे क्षेत्र में सैन्य दबाव लगातार बढ़ता दिख रहा है। इस बीच, ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह देश की संप्रभुता की रक्षा करेंगे और चीन को ताइवान के मामलों में दखल देने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा मैं देश की सुरक्षा सुनिश्चित करूंगा और किसी भी तरह के चीनी दबाव को ताइवान तक पहुंचने नहीं दूंगा। राष्ट्रपति लाई ने यह भी कहा कि चीन द्वारा ताइवान पर बनाया जा रहा दबाव इस बात का प्रमाण है कि बीजिंग का अधिकार ताइवान तक नहीं फैलता और ताइवान, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना का हिस्सा नहीं है। हाल ही में चीन द्वारा प्रतिबंधित जापानी सांसद हेई सेकी की ताइवान यात्रा का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति लाई ने कहा कि यह दौरा इस बात का सबूत है कि रिपब्लिक ऑफ चाइना और PRC एक-दूसरे के अधीन नहीं हैं।